**NEET Bulletin Helpline No.**
**8800265682**
**Completely NEET Counselling Guidance specially for**
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
राष्ट्रीय हिंदी दैनिक
# विजडम इंडिया
निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति
EMAIL: sheelshukla100@gmail.com
लखनऊ से प्रकाशित

वर्ष: 13 अंक: 211 लखनऊ, गुरुवार 14 मार्च 2024 मूल्य: 02 रुपये पृष्ठ- 08

## बीजेपी कैंडिडेट की दूसरी लिस्ट, करनाल से मनोहर लाल खट्टर, नागपुर से नितिन गडकरी लड़ेंगे चुनाव, देखें पूरी सूची

एजेंसी।

हरियाणा के पूर्व सीएम मनोहर लाल खट्टर करनाल से लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। सिरसा से अशोक तंवर, अंबाला से बंटो कटारिया, भिवानी–महेंद्रगढ़ से धर्मबीर सिंह, गुरुग्राम से राव इंद्रजीत सिंह यादव और फरीदाबाद से कृष्णपाल गुर्जर को टिकट मिला है। भाजपा ने बुधवार को 72 उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की जिसमें बड़े नाम शामिल हैं। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर से चुनाव लड़ेंगे, कर्नाटक के पूर्व सीएम बसवराज बोम्मई हावेरी से चुनाव लड़ेंगे, बीजेपी सांसद तेजस्वी सूर्या बेंगलुरु दक्षिण से चुनाव लड़ेंगे, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल मुंबई उत्तर से चुनाव लड़ेंगे। हरियाणा के पूर्व सीएम मनोहर लाल खट्टर करनाल से



लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। यह मनोहर लाल खट्टर द्वारा अपने कैबिनेट मंत्रियों के साथ अपने पद से इस्तीफा देने के एक दिन बाद आया है। उन्हें करनाल लोकसभा सीट से मैदान में उतारा गया है। सिरसा से अशोक तंवर, अंबाला से बंटो कटारिया, भिवानी–महेंद्रगढ़ से धर्मबीर सिंह, गुरुग्राम से राव इंद्रजीत सिंह यादव और फरीदाबाद से कृष्णपाल गुर्जर को टिकट मिला है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने थोड़ी अनिश्चितता के बाद अपनी नागपुर सीट बरकरार रखी है क्योंकि उनका नाम 2024 लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की पहली सूची में नहीं था। बीजेपी ने दिल्ली की बची हुई दो सीटों पर उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया है। पूर्व दिल्ली से हर्ष मल्होत्रा और उत्तर पश्चिम दिल्ली से योगेंद्र चंदोलिया को टिकट दिया गया है। इससे पहले बीजेपी ने 2 मार्च को 16 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों के लिए 195 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की थी। पहली सूची में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक बार फिर वाराणसी से, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह गांधीनगर और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह लखनऊ से चुनाव लड़ने का ऐलान किया गया था। पहली सूची के मुताबिक केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर केरल के तिरुवनंतपुरम से, सर्बानंद सोनोवाल असम की डिब्रूगढ़ सीट से, केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू अरुणाचल पूर्व से, भूपेंद्र यादव राजस्थान के अलवर से, ज्योतिरादित्य सिंधिया मध्य प्रदेश के गुना से, संजीव बालियान मुजफ्फरनगर और स्मृति ईरानी अमेठी सेचुनाव लड़ेंगे।

## मुख्यमंत्री योगी की पहले के कारण मार्केट से दूर हुए चाईनीज उत्पाद

संवाददाता।लखनऊ। चीन के उत्पादों को हमने अपने मार्केट से बहुत दूर कर दिया है। यही हमारे एमएसएमई यूनिट्स की ताकत का परिणाम है। इससे बड़ा राष्ट्रवाद क्या हो सकता है, अगर हमारे घर का उत्पाद मार्केट में छा रहा है तो हमें भी उसे प्रोत्साहित करना होगा, प्रेरित करके प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराना होगा। ये कितनी खुशी की बात है कि हमारा उत्पाद मार्केट में छा रहा है और दुश्मन देश का उत्पाद मार्केट से दूर होता जा रहा है। आज दीपावली, विजयदशमी, ईद और क्रिसमस पर यूपी के उत्पाद ही मार्केट में देखने को मिल रहे हैं। हमारा उत्पाद अच्छा तो होता ही है, साथ ही हमारे उद्यमियों और कारीगरों को भी लगता है कि उनका भविष्य उज्ज्वल है। ये



बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लोकभवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कही। इस दौरान उनहोंने एमएसएमई क्षेत्र के लिए ध्30,826 करोड़ का मेगा ऋण वितरण किया। साथ ही उन्नाव में स्वीकृत प्लेज पार्क के विकासकर्ताओं को सीएम योगी ने चेक वितरित किया। वहीं उन्होंने औद्योगिक आस्थानों में भूखंडों के आवंटन के लिए ऑनलाइन पोर्टल का भी शुभारंभ किया। सीएम योगी ने इस अवसर पर ओडीओपी एवं विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत टूलकिट वितरित किया। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एमएसएमई विभाग को मार्केट की संपूर्ण मैपिंग कराते हुए डिमांड के अनुसार प्रोडक्ट उपलब्ध कराने पर विशेष जोर देना होगा। इसके साथ ही प्रोडक्ट की पैकेजिंग पर भी खास ध्यान देना होगा। अगर हमने ये काम कर लिया तो प्रदेश के स्थानीय उत्पादों को पूरे देश में छाने में बहुत देर नहीं लगेगी। उन्होने एमएसएमई उद्यमियों से भी अपील की कि रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया के साथ तेजी से जुड़ें, जिससे सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम से जुड़े उद्यमियों की ट्रेनिंग की प्रक्रिया को तेजी से आगे बढ़ाया जा सके। आर्थिक प्रगति के साथ ही युवाओं को मिल रहा रोजगार मुख्यमंत्री ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023–24 के समापन के पहले एमएसएमई विभाग की ओर से लोन वितरण के विभिन्न कार्यक्रम हुए हैं।

## हंसराज हंस का टिकट कटा, दिल्ली की बची दो सीटों के लिए बीजेपी ने जानें किस पर भरोसा जताया

एजेंसी।

नई दिल्ली उत्तर पश्चिमी सीट से पिछली बार बीजेपी ने हंस राज हंस को मैदान में उतारा था तो वहीं पूर्वी दिल्ली से क्रिकेटर गौतम गंभीर पर भरोसा जाताया था। गौतम गंभीर के चुनाव नहीं लड़ने की घोषणा के बाद से इस सीट की चर्चा तेज थी।लोकसभा चुनाव के लिए बीजेपी राजधानी दिल्ली की सात में से पांच सीटों पर अपने उम्मीदवार घोषित कर दिए और आज दो अन्य सीटों पर



नए उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया गया। पूर्व दिल्ली से हर्ष मल्होत्रा और उत्तर पश्चिम दिल्ली से योगेंद्र चंदोलिया को टिकट दिया गया है। उत्तर पश्चिमी सीट से पिछली बार बीजेपी ने हंस राज हंस को मैदान में उतारा था तो वहीं पूर्वी दिल्ली से क्रिकेटर गौतम गंभीर पर भरोसा जाताया था। गौतम गंभीर के चुनाव नहीं लड़ने की घोषणा के बाद से इस सीट की चर्चा तेज थी। योगेन्द्र चंदोलिया एक भारतीय राजनीतिज्ञ हैं। वह दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की स्थायी समिति के अध्यक्ष रह चुके हैं। देव नगर, करोल बाग जोन, दिल्ली के नगर पार्षद भी थे। वो तब से राजनीति में सक्रिय हैं उनके कॉलेज के दिनों में और उन्हें कई बार नगर पार्षद के रूप में चुना गया है। रेगर समुदाय से एमसीडी की स्थायी समिति के अध्यक्ष के पद पर पहुंचने वाले पहले व्यक्ति थे और करोल बाग से चुनाव में हैट्रिक लगाने वाले पहले राजनेता थे।पूर्वी दिल्ली से हर्ष मल्होत्रा को टिकट दिया गया है। वो पूर्वी दिल्ली नगर निगम के पूर्व मेयर (अप्रैल 2015–मई 2016) रह चुके हैं। उन्होंने 2012 में वेलकम कॉलोनी से दिल्ली नगर परिषद चुनाव भारी अंतर से जीता। उन्हें पूर्वी दिल्ली नगर निगम की शिक्षा समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया और वे लगातार 3 वर्षों तक अध्यक्ष रहे।

## अयोध्ययां जाकर रामलला के दर्शन नहीं कर पा रहे, घर बैठे ऐसे हो सकते हैं आरती में शामिल

संवाददाता।

अयोध्या इसी बीच अब घर बैठे भी भक्त रामलला की आरती में शिरकत कर सकते है। इसके लिए ट्रस्ट ने भक्तों के लिए खास इंतजाम किए है। अब भक्तों को रामलला की आरती का लाइव प्रसारण देखने को मिलेगा। यानी घर बैठे ही रामलला की आरती में भक्त शामिल हो सकेंगे। अयोध्या में राम मंदिर में दर्शन करने के लिए भारी संख्या में भक्त पहुंच रहे है। रोजाना लगभग ढाई लाख भक्त रामलला के दर्शन कर रहे है। राम मंदिर में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई थी। इसके बाद लगातार रामलला के दर्शन करने के लिए भक्त मंदिर पहुंच रहे है। भक्तों की संख्या में किसी तरह की कमी नहीं आई है। अयोध्या पहुंच रहे भक्त खासतौर से रामलला की आरती में हिस्सा लेने को इच्छुक रहते है। इसी बीच अब घर बैठे भी भक्त रामलला की आरती में शिरकत कर सकते है। इसके लिए ट्रस्ट ने भक्तों के लिए खास इंतजाम किए है। अब भक्तों को रामलला की आरती का लाइव प्रसारण देखने को मिलेगा। यानी घर बैठे ही रामलला की आरती में भक्त शामिल हो सकेंगे। इसके साथ ही भक्तों को रामलला के श्रृंगार दर्शन करने का मौका भी घर बैठे ही मिल सकेगा। ट्रस्ट ने रामलला के भक्तों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए ये फैसला किया और इस सुविधा की शुरुआत की है। जानकारी के लिए बता दें कि रामलला की श्रृंगार आरती के दर्शन करने की सुविधा भक्तों के लिए मंगलवार 12 मार्च से शुरू हो गई है। रामलला के लाइव दर्शन भक्त दूरदर्शन पर कर सकते है। बता दें कि नियमित दर्शन रोजाना सुबह 6.30 बजे से शुरू होते है। श्रद्धालुओं की संख्या में होने वाली बढ़ोतरी को देखते हुए मंदिर ट्रस्ट ने आरती के समय को लेकर विशेष प्रबंध भी किया है। दरअसल आरती के समय मंदिर में भारी भीड़ होती है, जिससे निपटने के लिए मंदिर ट्रस्ट ने पास की सुविधा शुरु की है, जिससे भीड़ को नियंत्रित करना आसान हो सके। आरती के समय मंदिर में अधिक भक्तों को जाने की अनुमति नहीं होगी। बता दें कि रामलला की रोजाना छह आरती की जाती है। इसमें सबसे पहले आरती सुबह 4रू30 बजे मंगला आरती, सुबह 6रू30 बजे श्रृंगार आरती, दोपहर



12रू00 बजे राजभोग आरती, दोपहर 2रू00 बजे उठना आरती, शाम 7रू00 बजे संध्या आरती और रात 10रू00 बजे शयन आरती नियमित तौर पर की जाती है। इन सभी आरती में भक्त लाइन लगाकर हिस्सा नहीं ले सकते है। इसी बीच राम मंदिर ट्रस्ट ने फैसला किया है कि रामलला की श्रृंगार आरती के दर्शन भक्तों को खासतौर से करवाए जाएंगे। इसके लिए अब घर बैठकर दूरदर्शन चौनल पर भी भक्त रामलला की आरती के दर्शन कर सकेंगे। अभी सिर्फ श्रृंगार आरती के दर्शन करने का फैसला ही किया गया है। पास होते हैं जारी बता दें कि राम मंदिर में रामलला की आरती में हिस्सा लेने के लिए रोजाना ट्रस्ट की ओर से पास जारी किए जाते है। मंगला आरती और श्रृंगार आरती के अलावा अन्य चारों आरती में भक्त आसानी से रामलला के दर्शन कर सकते है। ऐसे करें पास के लिए अप्लाई रामलला की आरती में शामिल होने के लिए आरती पास लेने के लिए भक्तों को ऑनलाइन फ्री में पास उपलब्ध कराए जाते है। ऑनलाइन पास लेने के लिए भक्तों को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की आधिकारिक वेबसाइट पर लॉगिन करना होगा। इसके बाद मेन पेड पर रिजर्व योर पास लिंक पर क्लिक करें। इसके बाद मोबाइल से साइन इन करें। साइन इन करने के लिए वन टाइम पासवर्ड दर्ज करें। लॉगइन करने के बाद पसंदीदा समय चुनें और उस समय आरती के लिए लॉग इन करें।

## गांवों में विकास के माध्यम से देश और प्रदेश को बनायेंगे विकसित

संवाददाता।

नोएडा जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जेवर विधानसभा विकास के मामले में दुनिया की पहली विकसित विधानसभा बनने की तरफ बहुत तेजी से अग्रसर है। नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के साथ–साथ जेवर में ही फिल्म सिटी का कार्य भी बहुत जल्द प्रारंभ होने वाला है। यहां के किसानों का जेवर के विकास में बहुत बड़ा योगदान है। जेवर विधायक श्री धीरेन्द्र सिंह ने ग्राम चलो अभियान के तहत जेवर विधानसभा के ग्राम फलैदा बांगर और मेहंदीपुर बांगर का दौरा किया तथा जन चौपाल के माध्यम से लोगों की जनसमस्याएं भी जानी। इस मौके पर जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने उपस्थित



लोगों को केन्द्र और प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। इस मौके पर जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने लोक निर्माण विभाग द्वारा ग्राम फलेदा बांगर में भाईपुर के मंदिर से फलेदा होते हुए बागपुर हरियाणा सीमा तक क्षतिग्रस्त मार्ग के निर्माण कार्य के साथ–साथ प्रोटेक्शन वॉल एवं आरसीसी कलवर्ट का शुभारंभ भी किया तथा इसी प्रकार ग्राम मकनपुर खादर से ग्राम अनवरगढ़–तकीपुर बांगर–भाईपुर मार्ग पर यमुना नदी में आई बाढ़ से क्षतिग्रस्त मार्ग पर विशेष मरम्मत के अंतर्गत सीसी टो–बाल एवं ह्यूम पाइप कलवर्ट के कार्य का भी शुभारंभ किया गया। उपरोक्त दोनों कार्यों में लगभग 68 लाख रुपए की धनराशि खर्च होगी। इस मौके पर जेवर विधायक श्री धीरेन्द्र सिंह ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि ष्जेवर विधानसभा विकास के मामले में दुनिया की पहली विकसित विधानसभा बनने की तरफ बहुत तेजी से अग्रसर है। नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के साथ–साथ जेवर में ही फिल्म सिटी का कार्य भी बहुत जल्द प्रारंभ होने वाला है। यहां के किसानों का जेवर के विकास में बहुत बड़ा योगदान है।ष इस मौके पर श्री रेशपाल सिंह भाटी, श्री राकेश सिंह भाटी, श्री राजेश सिंह जी, श्री सुरेंद्र सिंह जी, श्री बिरजू सिंह जी, श्री शमशेर नेताजी, श्री पप्पू खान जी, श्री कालू खान, श्री विनोद सोलंकी व श्री भोलू शर्मा आदि आने को लोग मौजूद रहे।

## भाजपा का काम है जुमलेबाजी, सीएए को लेकर फिर बोलीं ममता,

एजेंसी।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि हमारा काम है जनता से कहना है। भाजपा का काम है जुमलेबाजी है। उन्होंने(बीजेपी) ने कहा कि हमें 400 सीट मिलेंगे। हम ऐसा नहीं कह सकते, हम जनता के ऊपर सब छोड़ते हैं, जनता जिसे वोट देगी हम उसे मानेंगे लेकिन भाजपा जबरदस्ती से चुनाव करेगी तो हम इसे नहीं मानेंगे।पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने नव अधिसूचित नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) पर ताजा हमला करते हुए कहा कि वह श्असम की तरह बंगाल में भी डिटेंशन कैंपश नहीं चाहतीं। तृणमूल कांग्रेस ने कहा कि सीएए एनआरसी से संबंधित है, इसलिए हम इसका विरोध कर रहे हैं। हम असम की तरह डिटेंशन कैंप नहीं चाहते। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि हमारा काम है जनता से कहना है। भाजपा का काम है जुमलेबाजी है। उन्होंने(बीजेपी) ने कहा कि हमें 400 सीट मिलेंगे। हम ऐसा नहीं कह सकते, हम जनता के ऊपर सब छोड़ते हैं, जनता जिसे वोट देगी हम उसे मानेंगे लेकिन भाजपा जबरदस्ती से चुनाव करेगी तो हम इसे नहीं मानेंगे।सीएए पर अपना हमला जारी रखते हुए बनर्जी ने इस कानून को लोकसभा चुनाव से पहले एक श्राजनीतिक हथकंडाश करार दिया। कानून के अनुसार, केंद्र अब बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से 31 दिसंबर 2014 तक भारत आए प्रताड़ित गैर–मुस्लिम प्रवासियों को भारतीय राष्ट्रीयता प्रदान करना शुरू कर देगा। इनमें हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई शामिल हैं। ममता बनर्जी ने सीएए के दायरे से मुसलमानों को बाहर रखने की आलोचना करते हुए कहा कि इसका उद्देश्य देश की आबादी के बीच विभाजन पैदा करना है। उन्होंने कहा कि सीएए का उद्देश्य देश के लोगों को विभाजित करना है।असम सरकार ने 2009 में न्यायाधिकरणों द्वारा षविदेशी घोषितष लोगों को निर्वासित किए जाने तक हिरासत में रखने के लिए हिरासत केंद्रों को अधिसूचित किया था।

## किसानों को मिली दिल्ली में महापंचायत की इजाजत, शर्तें लागू! पुलिस ने जारी की ट्रैफिक एडवाइजरी

एजेंसी।

नई दिल्ली किसान नेताओं द्वारा रखी गई कुछ शर्तों पर सहमत होने के बाद ही इजाजत दी गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि समझौते पर दिल्ली पुलिस और एसकेएम के वरिष्ठ सदस्यों पी कृष्ण प्रसाद, हनान मोल्ला, प्रेम सिंह गहलावत और आशीष मित्तल के बीच हस्ताक्षर किए गए। संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) को दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में होने वाली एक दिवसीय शकिसान महापंचायतश की अनुमति दे दी गई है। एक रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली पुलिस ने अनापत्ति प्रमाण पत्र दिया है। किसान नेताओं द्वारा रखी गई कुछ शर्तों पर सहमत होने के बाद ही इजाजत दी गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि समझौते पर दिल्ली पुलिस और एसकेएम के वरिष्ठ सदस्यों पी कृष्ण प्रसाद, हनान मोल्ला, प्रेम सिंह गहलावत और आशीष मित्तल के बीच हस्ताक्षर किए गए।पहले किसान नेताओं ने दावा किया था कि कई राज्यों से किसान राष्ट्रीय राजधानी में जुटेंगे, जिनमें अकेले पंजाब से 50,000



से अधिक किसान शामिल होंगे। हालाँकि, समझौते के तहत, आयोजन स्थल पर 5,000 से अधिक प्रतिभागियों को अनुमति नहीं दी जाएगी। बताया जाता है कि इस मैदान की क्षमता करीब 1.25 लाख है। साथ ही, कोई भी भड़काऊ या डराने वाला भाषण नहीं दिया जाएगा और महापंचायत के बाद कोई जुलूस नहीं निकाला जाएगा। यदि कोई भड़काऊ भाषण दिया जाता है, तो सार्वजनिक संबोधन प्रणाली बंद कर दी जाएगी और वक्ताओं को मंच से हटा दिया जाएगा। इसके अलावा, रैली उस दिन दोपहर 3 बजे तक समाप्त होनी चाहिए और इससे जुड़ा कोई भी व्यक्ति कार्यक्रम से पहले और बाद में शहर में रात नहीं बिता सकता है।इस बीच, महापंचायत की पूर्व संध्या पर, दिल्ली यातायात पुलिस ने एक यातायात परामर्श जारी किया, जिसमें यात्रियों को यातायात नियमों और मार्गों में बदलाव के बारे में सचेत किया गया। एडवाइजरी में कहा गया है कि चुनिंदा मार्गों पर सुबह 6 बजे से शाम 4 बजे तक यातायात की आवाजाही को नियंत्रित किया जाएगा। सुबह 6 बजे से कुछ अन्य सड़कों पर डायवर्जन लगाया जा सकता है।

## क्या कांग्रेस को लगेगा एक और झटका? उद्धव से क्यों नाराज हुए संजय निरूपम

### अशोक चव्हाण ने मुलाकात के बाद क्या कहा

एजेंसी।

नई दिल्ली संजय निरुपम ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अपनी नाराजगी जाहिर की है। लेकिन अब खबर है कि संजय निरुपम ने अपने पुराने सहयोगी और बीजेपी सांसद अशोक चव्हाण से मुलाकात की है। इस दौरे से राजनीतिक गलियारों में चर्चा छिड़ गई है। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के महाराष्ट्र आते ही कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। पूर्व मंत्री पद्माकर वलवी ने कांग्रेस छोड़ बीजेपी का दामन थामा, क्या इसके बाद कांग्रेस को एक और बड़ा झटका लगेगा? ऐसी चर्चाएं तब शुरू हो गई हैं जब संजय निरुपम ने अशोक चव्हाण से मुलाकात की है। उद्धव ठाकरे द्वारा अमोल कीर्तिकर को मुंबई उत्तर–पश्चिम लोकसभा क्षेत्र से उम्मीदवार घोषित करने के बाद संजय निरुपम नाराज हैं। संजय निरुपम ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अपनी नाराजगी जाहिर की है। लेकिन अब खबर है कि संजय निरुपम ने अपने पुराने सहयोगी और बीजेपी सांसद अशोक चव्हाण से मुलाकात की है। इस दौरे से राजनीतिक गलियारों में चर्चा छिड़ गई है।संजय निरुपम ने मंगलवार रात अशोक चव्हाण से उनके आवास पर मुलाकात की है। हालाँकि बातचीत का विवरण अभी भी गुप्त है, अगर संजय निरुपम ने कोई अलग निर्णय लिया, तो महाविकास अघाड़ी को नुकसान हो सकता है। इस बीच बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अगर कोई विकास के लिए आ रहा है तो उनका स्वागत है। इस बीच अशोक चव्हाण ने संजय निरुपम के दौरे पर प्रतिक्रिया दी है।

# कृमि मुक्त अभियान में 84 प्रतिशत 'आबादी' ने खाई एल्बेन्डाजाल

## 9.14 करोड़ बच्चों, किशोर और किशोरियों को पेट के कीड़े मारने की दवा खिलाने का रखा गया था लक्ष्य

लखनऊ (आरएनएस)। यूपी में इस बार के कृमि मुक्त अभियान में 84 प्रतिशत लक्षित आबादी ने पेट के कीड़े मारने की दवा एल्बेन्डाजॉल खाई है। जबकि पिछले अभियान में 79 प्रतिशत बच्चों, किशोर और किशोरियों ने ही एल्बेन्डाजॉल का सेवन किया था। इस दवा के सेवन से जहां स्वास्थ्य व पोषण में सुधार होता है वहीं शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। एनीमिया नियंत्रण रहता है। साथ ही बच्चों में सीखने की क्षमता बढ़ती है। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि पिछले वर्ष की तुलना में दवा सेवन करवाने में इस वर्ष जो उपलब्धि मिली, उसके पीछे स्वास्थ्य विभाग के साथ शिक्षा तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के अथक प्रयास के साथ जनमानस की जागरूकता का बड़ा सहयोग है। हम स्वास्थ व पोषित समाज निर्माण की ओर लगातार अग्रसर हैं। आशा है कि प्रदेश की नई पौध अन्य के मुकाबले ज्यादा स्वस्थ होगी। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के महाप्रबंधक डॉ. मनोज शुक्ल ने बताया कि फरवरी में कृमि मुक्त अभियान के दौरान शैक्षणिक संस्थानों में और आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से पेट के कीड़े मारने की दवा एल्बेन्डाजॉल खिलाने के लिए अभियान शुरू किया गया था। इस अभियान में प्रदेश के 69 जिलों के 758 ब्लॉक में एक वर्ष से 19 वर्ष तक के कुल 9.14 करोड़ बच्चों, किशोर और किशोरियों को एल्बेन्डाजॉल खिलाने का लक्ष्य रखा गया था। इस दौरान कुल 7 करोड़ 69 लाख 77 हजार 361 ने एल्बेन्डाजॉल का सेवन किया। डॉ मनोज ने बताया कि पिछले वर्ष अगस्त में कृमि मुक्त अभियान चलाया गया था, इस दौरान प्रदेश में लक्ष्य के सापेक्ष 79 प्रतिशत लक्षित बच्चों, किशोर एवं किशोरियों को कृमि मुक्त की दवा खिलाई गई थी, इस वर्ष यह आंकड़ा लक्ष्य के सापेक्ष 84 प्रतिशत है जो विगत वर्ष की तुलना में 05 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने बताया कि शरीर में कृमि संक्रमण होने पर पेट दर्द, दस्त, कमजोरी, उल्टी और भूख न लगना जैसी शिकायत आती है। यह संक्रमण नंगे पैर चलने, जमीन पर गिरे हुए खाद्य पदार्थ को उठाकर खा लेने आदि से हो जाता है। इससे बच्चा शारीरिक व मानसिक रूप से कमजोर होने लगता है। वह एनीमिया से ग्रसित हो जाता है। एल्बेन्डाजॉल खा लेने से यह कीड़े पेट से बाहर हो जाते हैं। इससे शरीर में आयरन की शोषक क्षमता बढ़ जाती है और शरीर में एनीमिया यानि खून की कमी दूर होती है। यह अभियान एक फरवरी को चलाया गया था। अभियान में किन्हीं कारणों से छूटे बच्चों के लिए पांच फरवरी को मापअप राउन्ड चलाया गया था।

# कॉमन फैसिलिटेशन सेंटर ग्रेडिंग, बाजार की मैपिंग का कार्य तथा बाजार की मांग के अनुसार उत्पादों को उपलब्ध कराने का प्रयास करें – मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री ने प्रदेश के 2,49,878 उद्यमियों को बैंकों के माध्यम से 30,826 करोड़ रु0 के श्रण वितरण हेतु एम0एस0एम0ई0 मेगा लोन मेला कार्यक्रम को सम्बोधित किया

लखनऊ (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नये भारत का नये उत्तर प्रदेश में प्रत्येक क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य प्रारम्भ हुए हैं। अलग–अलग क्षेत्रों के परिणाम प्रदेश के अनलिमिटेड पोटेंशियल को व्यक्त करते हैं। इसीलिए यह यू0पी0 कहलाता है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व व मार्गदर्शन में प्रदेश के अनलिमिटेड पोटेंशियल को राष्ट्र निर्माण के अभियान, युवाओं, उद्यमियों तथा विकास के साथ जोड़ने का कार्य किया गया है। मुख्यमंत्री आज यहां लोक भवन में आयोजित एम0एस0एम0ई0 क्षेत्र के प्रोत्साहन हेतु प्रदेश के 2,49,878 उद्यमियों को बैंकों के माध्यम से 30,826 करोड़ रुपये के ऋण वितरण हेतु एम0एस0एम0ई0 मेगा लोन मेला कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने एम0एस0एम0ई0 इकाइयों के लाभार्थियों को ऋण राशि तथा जनपद उन्नाव में स्वीकृत प्लेज पार्क के विकासकर्ताओं को 02 करोड़ 57 लाख 50 हजार रुपये का प्रतीकात्मक चेक प्रदान किया। मुख्यमंत्री जी ने औद्योगिक आस्थानों में भूखण्डों के आवंटनध्हस्तान्तरण आदि की प्रक्रिया के ऑनलाइन पोर्टल का शुभारम्भ तथा 'एक जनपद एक उत्पाद योजना' व 'विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना' के लाभार्थियों को टूलकिट का वितरण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले प्रदेश की क्षमता पर प्रश्न खड़े किए जाते थे। उत्तर प्रदेश ने अपनी सामर्थ्य से सब प्रश्नों का उत्तर दे दिया है। अब हमें किसी को सफाई देने की आवश्यकता नहीं पड़ती, हमारा कार्य ही उत्तर दे देता है। उन्होंने कहा कि एम0एस0एम0ई0 विभाग के माध्यम से प्रदेश में चलाए जा रहे ऋण वितरण कार्यक्रम से ऋण वितरण राशि गत वर्ष की तुलना में दोगुना हुई है। विगत 07 वर्ष के दौरान यह लगभग 10 गुना बढ़ने की ओर अग्रसर है। यह प्रगति प्रदेश के आर्थिक उन्नयन को प्रदर्शित करती है। इससे प्रदेश के युवाओं को रोजगार के अनेक अवसर भी उपलब्ध हो रहे हैं। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आज एक साथ बहुत सारे कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। यहां 'विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना' और 'एक जनपद एक उत्पाद योजना' के अंतर्गत टूल किट वितरित की गयीं तथा निजी क्षेत्र के अन्तर्गत औद्योगिक पार्क विकसित करने की संकल्पना के साथ उन्नाव में प्रदेश के 11वें प्लेज पार्क को विकसित करने हेतु इन्सेंटिव का वितरण किया गया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह प्लेज पार्क समय सीमा में एम0एस0एम0ई0 इकाई लगाने की कार्रवाई को तेजी के साथ आगे बढ़ाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि विगत 07 वर्षों में एम0एस0एम0ई0 विभाग प्रदेश के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम क्षेत्र से जुड़े उद्यमियों के लिए आशा की नई किरण बनकर उभरा है। यह प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार और नौकरी की सम्भावना वाला नया क्षेत्र बना है। यह क्षेत्र अपने अभिनव प्रयोग और नवाचार के माध्यम से प्रधानमंत्री जी के आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में तेजी के साथ आगे बढ़ा है। प्रदेश में 'एक जनपद एक उत्पाद योजना' वर्ष 2018 तथा 'विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना' वर्ष 2019 में प्रारम्भ हुई। उत्तर प्रदेश, देश का पहला राज्य है, जो एम0एस0एम0ई0 क्षेत्र के अन्तर्गत 10 एकड़ से 50 एकड़ क्षेत्रफल में निजी औद्योगिक पार्क स्थापित कर रहा है। अभी तक 10 जनपद इस योजना से जुड़ चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में एम0एस0एम0ई0 क्षेत्र के अन्तर्गत उद्यमियों को 05 लाख रुपये तक का सुरक्षा बीमा का कवर प्रदान किया गया है। प्रदेश में 96 लाख एम0एस0एम0ई0 इकाइयों में से अब तक 40 लाख इकाइयां रजिस्टर्ड हो चुकी हैं। प्रत्येक जनपद में जिला उद्योग केन्द्रां के माध्यम से रजिस्ट्रेशन का कार्य विशेष अभियान के तहत आगे बढ़ाने की आवश्यकता है, जिससे सभी एम0एस0एम0ई0 इकाइयों को रजिस्टर किया जा सके तथा यह इकाइयां ग्रेडिंग प्रक्रिया से जुड़कर युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर प्रदान कर सकें।मुख्यमंत्री जी ने कहा कि यदि हमारे पास अच्छा एम0एस0एम0ई0 बेस, लैण्ड बैंक तथा सुरक्षा का बेहतर वातावरण है, तो दुनिया के बड़े से बड़े निवेश को जमीनी धरातल पर उतारा जा सकता है। यू0पी0 ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट–2023 में प्राप्त हुए 40 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव इसका उदाहरण हैं। इसमें से साढ़े 10 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव का प्रधानमंत्री जी के कर–कमलों द्वारा ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी के माध्यम से शिलान्यास किया जा चुका है। पहले प्रदेश में कोई आना नहीं चाहता था। आज राज्य निवेश का बेहतरीन गन्तव्य बनकर देश के सामने उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्टेट लेवल बैंकर्स कमेटी, डिस्ट्रिक्ट लेवल बैंकर्स कमेटी तथा अन्य बैंकर्स की उदारता के परिणामस्वरूप प्रदेश, देश में उद्योग क्षेत्र को सर्वाधिक ऋण प्रदान करने वाला राज्य है। प्रदेश मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में बेहतरीन प्रदर्शन कर रहा है। प्रदेश की वर्तमान विकास गति को थोड़ा सा और बढ़ाने की आवश्यकता है, ताकि आगामी 05 वर्षों में राज्य वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन सके। बैंकिंग सेक्टर में प्रदेश का सी0डी0 रेशियो 44 प्रतिशत से बढ़कर 56 प्रतिशत हो चुका है। इस वित्तीय वर्ष के अंत तक यह 57 प्रतिशत हो जाएगा। अगले वित्तीय वर्ष में इसे 65 प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य है। प्रदेश इस लक्ष्य को निश्चित रूप से प्राप्त करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री की मंशा के अनुरूप प्रदेश को देश के ग्रोथ इंजन के रूप में स्थापित करना है। इसके लिए मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को अधिक से अधिक मजबूती प्रदान करनी होगी तथा एम0एस0एम0ई0 सेक्टर को और अधिक तेजी से आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करना पड़ेगा। प्रदेश में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान प्रारम्भ किया गया है। इसके अंतर्गत एम0एस0एम0ई0 इकाई लगाने वाला युवा 05 लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण प्राप्त कर सकता है। इस ऋण के चुकता होने पर इस ऋण राशि को क्रमशः 7.5 लाख रुपये, 10 लाख रुपये तक पहुंचाया जाएगा, जिससे इस क्षेत्र में अनन्त सम्भावनाओं को आगे बढ़ाकर राज्य को मैन्युफैक्चरिंग के सबसे बड़े हब के रूप में स्थापित किया जा सके। इसका मेकैनिज्म प्रदेश सरकार द्वारा तैयार कर लागू किया जा रहा है।

# ग्रामीण होम–स्टे की चलन को बढ़ावा देने के लिए पर्यटन विभाग चयनित गावों में बढ़ा रहा सुविधायें

## प्रमुख पर्यटन स्थलों के समीप फार्मस्टे की स्थापना के लिए पर्यटन नीति में सब्सिडी की सुविधा–जयवीर सिंह

लखनऊ (आरएनएस)। ग्रामीण पर्यटन के क्षेत्र में आगंतुकों को बेहतर अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से यूपी पर्यटन विभाग ने विभिन्न ग्रामीण होमस्टे प्रदाताओं के साथ अनुबंध किया है। ये होमस्टे स्थानीय संस्कृति और स्थानीय लोककलाओं के साथ व्यंजनों से जुड़े अनूठे फार्म स्टे का अनुभव प्रदान करते हैं। अयोध्या से केवल 70 किलोमीटर दूर बस्ती में 'माइ मॉम ग्रामीण होमस्टे' और बांदा जिले के उदयपुरवा में ईको–विलेज परियोजना के तहत 'गुलमोहर ग्रामीण होमस्टे' ऐसा ही उदाहरण है। इन होम स्टे में 4–5 कमरे होते है, जिनमें सभी मूलभूत सुविधाएं होती है। पर्यटन विभाग ग्रामीण और प्रमुख गंतव्यों के निकट फार्म स्टे की स्थापना के लिए पर्यटन नीति 2022 अन्तर्गत सब्सिडी भी प्रदान कर रहा है।

यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा कतिपय चयनित गांवों को ग्रामीण पर्यटन केंद्रों में तब्दील किया जा रहा है, जो स्थानीय संस्कृति के साथ ग्रामीण पर्यटन का विशिष्ट अनुभव प्रदान करते हैं। इंटरनेट कनेक्टिविटी होने के साथ, ये हब आगंतुकों को एक्सपिरियन्स टूरिजम का अनुभव प्रदान करते हैं। यहाँ पर्यटक ग्रामीण परिवेश के शुद्ध वातावरण में समय बिताने के साथ मौसमी फसलों और बाग–बगीचों से भी परिचित होंगे। उन्होंने बताया कि ग्रामीण जीवन की अपनी विशिष्ट संस्कृति होती है। इसके साथ आस्थाओं, मान्यताओं तथा विविध गतिविधियॉ ग्रामीण जीवन को अनूठा बनाती हैं। होम स्टे के माध्यम से आगन्तुकों को ग्रामीण अंचलों की विभिन्न गतिविधियों से परिचित होने का अवसर प्राप्त होता है। जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश अपनी सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक स्मारकों और प्राकृतिक सुंदरता के लिए जाना जाता है। प्रदेश में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं और ग्रामीण पर्यटन का चलन तेजी से बढ़ रहा है। लोग शहरी प्रदूषण और भागमभाग जिंदगी की व्यवस्तताओं से छुटकारा पाकर शांति की तलाश में प्रकृति के बीच ग्रामीण परिवेश में समय बिताकर तरोताजा होने के उद्देश्य से ग्रामीण पर्यटन की ओर आकर्षित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि आज उ0प्र0 के गॉव तक बदलाव की लहर पहुंच चुकी है। गॉव अपनी प्राचीन विरासत को अक्षुण्ण रखते हुए आधुनिकता की दौड़ में शामिल हो रहे हैं। उत्तर प्रदेश में ग्रामीण कृषि–पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। राज्य में देश के सबसे अधिक गाँव हैं, जिनमें से प्रत्येक गाँव ग्रामीण जीवन और कृषि पद्धतियों की एक अनूठी झलक पेश करता है। ग्रामीण पर्यटन और एग्रो टूरिज्म के बढ़ते चलन को देखते हुए उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने ग्रामीण और कृषि–पर्यटन विकास के लिए 229 गांवों की पहचान की है। इन ग्रामों में ठहरने और अन्य मूलभूत सुविधाओं के विकास के लिए विभाग द्वारा कार्य कराया जा रहा है। जिसका उद्देश्य स्थानीय कला, शिल्प और रोजगार को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि उ0प्र0 प्राचीनता एवं आधुनिकता के संगम का अदभुत मॉडल है। जगह–जगह पर नयी बोली, भाषा, स्थानीय व्यंजन, परिधान तथा लोक कलायें बिखरी पड़ी हैं। ग्रामीण होम स्टे से आगन्तुकों को इनको करीब से जानने और समझने का अवसर प्राप्त होगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि देश में ग्रामीण और एग्रों टूरिज्म बहुत तेजी से बढ़ रहा है और उत्तर प्रदेश के पास सर्वाधिक ग्राम है जो विविध एग्रों क्लाइमेटिक जोंस में स्थित है। उन्होंने

बताया कि राज्य सरकार पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए अध्यात्मिक एवं धार्मिक स्थलों की पृष्ठभूमि तथा अतीत की जानकारी देने के लिए गाइड की सुविधा भी प्रदान कर रहा है। इससे पर्यटकों को प्रदेश की पुरातन संस्कृति एवं ऐतिहासिक कालखण्ड को जानने में मदद मिलेगी।

# लोकसभा चुनाव आने वाली पीढ़ी के भविष्य का चुनाव – अखिलेश यादव

लखनऊ (आरएनएस)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि सन् 2024 में होने वाला लोकसभा चुनाव आने वाली पीढ़ी के भविष्य का चुनाव है। यह जनता के जीवन–मरण का चुनाव होगा। लोकतंत्र, संविधान, आरक्षण सब पर खतरा है। भाजपा सन् 2024 का चुनाव जीतने के लिए किसी भी स्तर तक जा सकती है। मतदान के समय धांधली की तैयारियां है। ऐसे में जन सामान्य, जो मतदाता भी है, उसे ही अपने अधिकार और वोट की रक्षा करनी है। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं पर लोकतंत्र बचाने की जिम्मेदारी है।अखिलेश यादव आज प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में डॉ0 राममनोहर लोहिया सभागार में बड़ी संख्या में आए कार्यकर्ताओं को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में पूरी तरह व्यवस्था चौपट है। भाजपा सरकार में लूट मची है। उसका रास्ता खतरनाक है। भाजपा सरकार हर स्तर पर विफल है। अपनी नाकामी को छुपाने के लिए झूठे वादे विज्ञापनों में दर्शाएं जा रहे हैं। कहा कि समाजवादी पार्टी के सभी नेता, कार्यकर्ता बूथस्तर पर पार्टी संगठन को मजबूत कर पीडीए का संदेश जन–जन तक पहुंचाए। समाजवादी सरकार की उपलब्धियां लोगों को बताएं और समाजवादी पार्टी–गठबंधन के प्रत्याशियों को बहुमत से जिताने में कोई कोरकसर न छोड़े। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा के प्रति जनता में भारी रोष है। विपक्षी नेताओं पर फर्जी मुकदमें लगाकर जेल भेजा जा रहा है। व्यापारियों का उत्पीड़न किया जा रहा है। किसान महंगाई और कर्ज से परेशान है। उसकी आय दोगुनी करने का वादा जुमला निकला। नौजवानों का भविष्य अंधकारमय है। नौकरियों की भर्ती परीक्षा के पेपर लीक होने से छात्र–नौजवानों का भविष्य बर्बाद हो रहा है। भाजपा सरकार बेरोजगारों को नौकरी न देने के लिए पेपर लीक करवा रही है। नौकरी रोजगार न मिलने से नौजवान हताश और आक्रोशित है। उन्होंने कहा कि 10 साल में एक लाख किसानों ने आत्महत्या की ली है। नोटबंदी–जीएसटी से व्यापारी परेशान है। सरकार की नीतियां दवा कम्पनियों को मुनाफा पहुंचाने का काम कर रही हैं। राष्ट्रीय सम्पत्तियों को एक–एक कर बेचा जा रहा है। पूरे व्यापार पर कुछ उद्योगपतियों का कब्जा हो गया है। ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स आदि एजेंसियों के जरिए डरा–धमका कर भाजपा के पार्टी फण्ड में वसूली की जा रही है। साढ़े छः हजार करोड़ रूपये के इलेक्टोरल बॉण्ड के जरिए चुनावी चंदा लिया गया है।

# महायोगी गुरू गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय गोरखपुर में उपकरण,मशीनें, साज-सज्जा के क्रय हेतु 30 लाख रूपये धनराशि की स्वीकृत

लखनऊ (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महायोगी गुरू गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय, गोरखपुर में उपकरण,मशीनें,साज–सज्जा के क्रय हेतु 30 लाख रूपये धनराशि की स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है। इस संबंध में आयुष विभाग द्वारा शासनादेश जारी कर दिया गया है। जारी शासनादेश में यह निर्देश दिये गये हैं कि धनराशि के व्यय में सुसंगत वित्तीय नियमों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा तथा उसका व्यय उसी प्रयोजन में किया जायेगा, जिस हेतु इसका प्राविधान किया गया है। स्वीकृत धनराशि का पूर्ण उपभोग वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023–24 में 31 मार्च, 2024 तक कर लिया जाए।

# लाल बहादुर शास्त्री स्मारक राजकीय आयुर्वेद प्रयागराज के लिए 02 करोड़ 01 लाख 22 हजार 234 रूपये धनराशि की स्वीकृत

लखनऊ (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा लाल बहादुर शास्त्री स्मारक राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय हण्डिया प्रयागराज के परिसर में छात्र– छात्रावास (150 बेडेड) तथा छात्रा–छात्रावास (60 बेडेड) के निर्माण कार्य हेतु प्रथम किश्त के रूप में 02 करोड़ 01 लाख 22 हजार 234 रूपये धनराशि की स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है। इस संबंध में आयुष विभाग द्वारा शासनादेश जारी कर दिया गया है। जारी शासनादेश में यह निर्देश दिये गये हैं कि यह सुनिश्चित किया जायेगा कि प्रायोजन का तकनीकी स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात ही कार्य कराया जायेगा। कार्य की गुणवत्ता, मानक एवं विशिष्टियों की जिम्मेदारी निदेशक, आयुर्वेद सेवायें, संबंधित प्रधानाचार्य तथा कार्यदायी संस्था की होगी। वित्तीय स्वीकृत जिस कार्यध्मद हेतु की जा रही है, उसका उपयोग नियमानुसार उसी कार्यध्मद हेतु किया जायेगा।

# उद्यान मंत्री ने सुपर मार्केट दुकानों का किया लोकार्पण व शिलायन्स

रायबरेली(आरएनएस)। उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने नवीन मण्डी स्थल में 28 सुपर मार्केट दुकानें, 15 श्सश श्रेणी दुकानें, 2 गोदाम, केसी ड्रेन, आन्तरिक मार्गों का सुढ़डीकरण एवं 4 नीलामी चबूतरे, 14 श्अश श्रेणी, 13 श्बश श्रेणी एवं 80 श्सश श्रेणी की दुकानों की मरम्मत व अन्य विकास कार्यों का शिलान्यास एवं भूमि पूजन किया।मंत्री ने बताया कि नवीन मंडी स्थल में लगातार बढ़ते व्यापार एवं व्यापारी भाइयों की अवश्यकता को ध्यान में रखते हुए इस कार्य को किया गया है। जिससे व्यापारी एवं किसान भाइयों की समस्याओं का निदान हो पाएगा। साथ ही उन्हें आयात निर्यात में सहूलियत हो। उन्होंने कहा की व्यापारियों की समस्याओं को प्राथमिकता पर रखा जाएगा और उनके लिए सुलभ और सरल व्यापारिक वातावरण प्रदान किया जाएगा।

# बीएमपीएस प्रबंधन का बालिकाओं को विशिष्ट तोहफा

लालगंज,रायबरेली(आरएनएस)।बैसवारा क्षेत्र के शिक्षण संस्थान बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल लालगंज में नवीन सत्र 2024–25 में बालिकाओं के प्रवेश पर एडमिशन शुल्क पूर्ण रूप से माफ रहेगा ,यह जानकारी देते हुए बीएपीएस के प्रबंध निदेशक सुनील सिंह ने बताया कि विद्यालय खोलने का उद्देश्य शिक्षा के साथ–साथ सेवा भाव भी है। बीएमपीएस प्रबंधन अपनी विशिष्ट शैक्षिक कार्य शैली के लिए जाना जाता है।बालिकाओं की शिक्षा पर जोर देने के उद्देश्य से बीएमपीएस प्रबंधन की ओर से प्ले ग्रुप में अप्रैल माह तक प्रवेश लेने वाली प्रथम 21 बालिकाओं का प्रवेश शुल्क पूरी तरह से माफ रहेगा। प्रबंध निदेशक सुनील सिंह ने अभिभावकों से आग्रह किया है कि इस अवसर का अवश्य ही लाभ उठाएं।यह जानकारी विद्यालय के पीआरओ यश बहादुर यादव ने दी है।

# आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाएं त्योहार

रायबरेली(आरएनएस)।लोकसभा चुनाव और आगामी त्यौहारो होलिका दहन,होलिकोत्सव, रमजान,अलविदा जुमा की नमाज, ईद उल फितर,पूर्णिमा गंगा स्नान और अम्बेडकर जयंती के मद्देनजर जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल के साथ सेन्ट्रल पीस कमेटी की बैठक बचत भवन सभागार में की। डीएम ने कहा कि त्यौहारो को आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाए। रमजान का महीना शरू हो गया है कुछ ही दिनों में होली का भी त्यौहार भी आ जायेगा। इन सभी त्योहारों में किसी भी प्रकार की अशांति न फैलने पाए। मंदिर और मस्जिदो में व्यापक साफ सफाई अभियान चलाया जाए। आने जाने वाले रास्तो को भी ठीक कराया जाए। साथ ही सुरक्षा का भी पूरा ध्यान रखा जाए। डीएम ने कहा कि चूंकि इसी बीच आदर्श आचार संहिता भी लग सकती है। इस बात का ध्यान रखा जाए कि त्योहारों को राजनीतिक रंग देने का प्रयास ना हो। जो भी माहौल को बिगाड़ने का प्रयास करे उसकी सूचना तुरंत प्रशासन को दे। त्योहारों के समय बजने वाले संगीतो पर भी कड़ी नजर रखी जाए। कोई भी व्यक्ति या समुदाय अभद्र संगीत का प्रयोग करता हुए ना मिले। डीजे बजाने वाले संस्थाओं की सूची तैयार कर ले। कोई भी सार्वजनिक कार्यक्रम करते समय प्रशासन की अनुमति अवश्य ली जाए। उन्होंने ने कहा कि सोशल मीडिया पर कड़ी नजर रखी जाए। किसी भी प्रकार की अफवाह न फैलने पाए। अराजक तत्त्वों पर नजर रखी जाए। अवैध शराब बनाने वालो पर आबकारी विभाग लगातार कार्यवाही करती रहे। स्वास्थ्य विभाग की टीम अपने अपने स्वास्थ्य केंद्रों पर हर समय उपस्थित रहेगी। विद्युत विभाग को निर्देश दिया कि त्यौहारो के बीच अनवरत विद्युत आपूर्ति होती रहे। खाद्य विभाग खाने पीने के सामानों की अभी से सेम्पलिंग करना शुरू कर दे। मिलावटी खाद्य सामग्री बनाने वालों पर कार्रवाई की जाए। साथ ही मीडिया के माध्यम से इसका प्रचार प्रसार भी कराया जाए। जिससे कि लोग मिलावटी खाने–पीने के सामान खरीदते समय सावधानी बरते।

एसपी अभिषेक अग्रवाल ने कहा कि सभी लोग शान्ति पूर्वक त्यौहार मनाए। सभी थानों में पुलिस विभाग हर समय मुस्तैद रहे। अति संवेदनशील स्थलों को अभी से चिन्हित कर लिया जाए। त्यौहारो के बीच आचार संहिता का भी पालन करते रहे। उल्लंघन करने वालो पर गंभीर धाराओं में कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी क्षेत्राधिकारी अपने अपने क्षेत्रों में सुरक्षा का पूरा ध्यान रखे। पिछले 10 वर्ष के आपराधिक मामले वाले व्यक्तियों की जांच पड़ताल कर ले। जिससे की किसी भी प्रकार की अनहोनी को रोका जा सके।

# मनरेगा में सामग्री मद में रू 06 अरब 34 करोड़ से अधिक की धनराशि की स्वीकृति की गयी प्रदान

लखनऊ (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के क्रम में उत्तर प्रदेश शासन ग्राम्य विकास विभाग द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अन्तर्गत सामग्री मद में प्रथम भाग की तृतीय किस्त की कुल धनराशि रू 6,34,79,66,666.00 (रू0 छः अरब चौंतीस करोड़ उन्यासी लाख छः सौ छाछठ मात्र) पर प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुये ग्राम्य विकास आयुक्त के निवर्तन पर रखे जाने एवं व्यय किए जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी है। इस सम्बन्ध में आवश्यक शासनादेश उत्तर प्रदेश शासन ग्राम्य विकास विभाग द्वारा जारी कर दिया गया है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि स्वीकृत धनराशि का ससमय सदुपयोग नियमानुसार निर्धारित दिशा–निर्देशो के अनुरूप किया जाना सुनिश्चित किया जाए। जारी शासनादेश में निर्देश दिए गये हैं कि धनराशि के आहरण व व्यय के सम्बन्ध में मितव्ययिता सम्बन्धी समय समय–समय पर निर्गत शासनादेशों व वित्तीय नियमों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

# जिले में प्रत्याशी की घोषणा न होने से असमंजस में कार्यकर्ता

रायबरेली(आरएनएस)। जिले में प्रमुख पार्टी कांग्रेस व भाजपा के मध्य मुख्य मुकाबला होगा,लेकिन अभी तक दोनों पार्टियों ने उम्मीदवारों की घोषणा न करने के कारण कार्यकर्ताओं में उत्साह नहीं दिख रहा है। बीजेपी में कुछ नेता अपने प्रचार प्रसार में लगे हुए हैं लेकिन कांग्रेस पार्टी में बिल्कुल सन्नाटा सा पसरा हुआ है। कांग्रेस का गढ़ कहे जाने वाले रायबरेली में कांग्रेस पार्टी से अभी तक कोई उम्मीदवार ना आने से पार्टी के कार्यकर्ताओं में उत्सुकता नहीं दिख रही है

# किसान मोर्चे की ग्राम परिक्रमा यात्रा के समापन पर हुई किसान गोष्ठी

लालगंज,रायबरेली(आरएनएस)। किसानों को केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के लिए भाजपा किसान मोर्चा द्वारा शुरु की गई ग्राम परिक्रमा यात्रा सरेनी विधानसभा के गांव ऐहार पहुंची, जहां ग्रामीणों द्वारा हल व गौ पूजन कर यात्रा का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के संयोजक व भाजपा के किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष अनित उर्फ चंदन त्रिवेदी की अध्यक्षता में यह आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में किसान मोर्चा के प्रदेश प्रदेश सह मीडिया प्रभारी शुभम त्रिपाठी ने किसान– मजदूर और सभी वर्गों के लोगों को मोदी और योगी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया गया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के सहायता राशि के लाभार्थियों को सम्मानित किया। किसान मोर्चा के जिला संयोजक और जिला महामंत्री शरद सिंह ने कहा कि किसानों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाने के लिए यह यात्रा शुरु की गई है, ताकि कोई भी किसान सरकार की इस योजना से वंचित न रहे। किसान मोर्चे के जिला उपाध्यक्ष और अभियान प्रभारी पूर्व प्रधान उमेश सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार का उद्देश्य हर किसान को उसका हक दिलाना है। उन्होंने कहा कि आज देश का किसान शिखर पर पहुंच गया है। सरकार ने किसानों को अन्नदाता माना है और अन्नदाताओं के उत्थान के लिए सरकार कार्य कर रही है।

# संपादकीय

## संदेह की वजहें हैं

अनुमान लगाया जा सकता है कि नए निर्वाचन आयुक्तों को लेकर कई तरह के कयास लगाए जाएंगे। कुल नतीजा निर्वाचन आयोग की साख में और क्षरण के रूप में सामने आएगा। जब देश आम चुनाव के मुहाने पर है, तब ऐसा माहौल सिरे से अवांछित है। जिन हालात में निर्वाचन आयुक्त अरुण गोयल ने अचानक अपने पद से इस्तीफा दिया, उससे शक पैदा होने की ठोस वजहें हैं। जिस फुर्ती से उनके इस्तीफे को स्वीकार किया गया, उससे अटकलों को और बल मिला है। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति करने वाली समिति की बैठक पहले से बुला रखी है। अब इसमें संभवतरू दो आयुक्तों की नियुक्ति का फैसला होगा। इस समिति का गठन हाल ही में पारित कानून के तहत किया गया है। इस कानून के जरिए सुप्रीम कोर्ट की तरफ से स्थापित की गई नियुक्ति प्रक्रिया को रद्द कर दिया गया।

अगर सुप्रीम कोर्ट के आदेश के मुताबिक चयन समिति बनती, तो उसमें प्रधानमंत्री के अलावा भारत के प्रधान न्यायाधीश और लोकसभा में सबसे बड़े दल के नेता शामिल होते। लेकिन अब इसमें प्रधान न्यायाधीश की जगह प्रधानमंत्री द्वारा नियुक्त उनकी ही सरकार के एक मंत्री होंगे। इस तरह इसी हफ्ते निर्वाचन आयुक्त के खाली पदों पर सत्ता पक्ष की मर्जी से दो नियुक्तियां हो जाएंगी। खबरों में बताया गया है कि गोयल के मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार से कुछ मुद्दों पर मतभेद उभर गए थे। मगर मतभेदों के कारण नौकरशाही के बड़े स्तरों पर इस्तीफे होते हों, यह सामान्य नहीं है।

खासकर यह देखते हुए गोयल वही शख्स हैं, जिन्हें नवंबर 2022 में केंद्रीय उद्योग विभाग के सचिव पद से स्वैच्छिक अवकाश ग्रहण करने के एक दिन बाद ही निर्वाचन आयुक्त बना दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने इस नियुक्ति पर सख्त टिप्पणियां की थीं। तब यही कहा गया था कि सरकार ने अपने एक विश्वस्त व्यक्ति को आयोग में रखने के लिए मर्यादाओं का उल्लंघन किया है। अब अगर वही व्यक्ति निर्वाचन आयोग से औचक इस्तीफा देकर चला गया, तो संदेह कुछ ज्यादा ही गहरा हो जाता है। इस बीच आयोग में नियुक्तियां होंगी। अनुमान लगाया जा सकता है कि उनको लेकर विपक्षी दायरों में कई तरह के कयास लगाए जाएंगे। कुल नतीजा निर्वाचन आयोग की साख में और क्षरण के रूप में सामने आएगा। जब देश 18वें आम चुनाव के मुहाने पर है, तब ऐसा माहौल सिरे से अवांछित है।

## पुर्तगाल में भी धुर–दक्षिण

धुर–दक्षिण एजेंडे के लिए पुर्तगाल में बढ़े समर्थन को वर्तमान यूरोपीय परिघटना का हिस्सा माना जा रहा है। दूसरे विश्व युद्ध के बाद से पूरे यूरोप में लोकप्रिय रही सोशल डेमोक्रेटिक पार्टियों का शासन अब 27 सदस्यीय यूरोपियन यूनियन के सिर्फ चार देशों में बचा है।

पुर्तगाल में अपेक्षा के मुताबिक ही सोशलिस्ट पार्टी के हाथ से सत्ता निकल गई है। लेकिन दक्षिणपंथी डेमोक्रेटिक एलांयस भी निर्णायक जीत हासिल नहीं कर पाया है। इन दोनों पार्टियों को मिले वोट प्रतिशत में मामूली अंतर है। 1974 में तानाशाही की समाप्ति के बाद पुर्तगाल में ऐसी स्थिति पहली बार बनी है, जब देश की दोनों प्रमुख पार्टियां अपने सहयोगी दलों को साथ लेकर भी सरकार बनाने की सूरत में नहीं है। यह सूरत धुर–दक्षिणपंथीध नव–नाजीवादी पार्टी चेगा (बहुत हो चुका) के समर्थन आधार में तेजी से हुई बढ़ोतरी के कारण पैदा हुई है। चेगा को 2019 के चुनाव में 1.7 प्रतिशत वोट मिले थे। 2022 में उसे सात प्रतिशत वोट मिले। इस बार के मध्यावधि चुनाव में उसने 18 फीसदी मत हासिल कर लिए हैं। इन वोटों के आधार पर 230 सदस्यीय संसद में उसे 46 सीटें प्राप्त हो जाएंगी। इस पार्टी का प्रमुख एजेंडा आव्रजन, समलैंगिकता एवं महिला अधिकार विरोध है। इस एजेंडे के लिए पुर्तगाल में बढ़े समर्थन को आम तौर पर इस समय जारी यूरोपीय परिघटना का हिस्सा माना जा रहा है। इसी अनुपात में सोशल डेमोक्रेटिक पार्टियों का आधार क्षीण हुआ है। अब हालात ऐसे हैं कि दूसरे विश्व युद्ध के बाद से पूरे यूरोप में लोकप्रिय रही सोशल डेमोक्रेटिक पार्टियों का शासन 27 सदस्यीय यूरोपियन यूनियन के सिर्फ चार देशों में बचा है। उनमें भी स्पेन में सोशलिस्ट पार्टी की सरकार बमुश्किल टिकी हुई है। जबकि आम अनुमान है कि जर्मनी में अगले आम चुनाव में सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी (एसपीडी) को भारी नुकसान झेलना होगा। इसीलिए आम समझ है पुर्तगाल के ताजा नतीजों से यूरोप में ध ुर–दक्षिणपंथ का कारवां आगे बढ़ा है। इसका असर नौ जून को होने वाले यूरोपीय संसद के चुनाव में देखने को मिल सकता है, जिसमें विभिन्न देशों में धुर दक्षिणपंथी पार्टियों को बड़ी सफलता मिलने का अनुमान लगाया जा रहा है। घटनाक्रम का कुल सार यह है कि समृद्धि और आम संपन्नता का दौर गुजरते ही यूरोप के बहुचर्चित कल्याणकारी ढांचे की चूलें हिलने लगी हैं। इस महाद्वीप पर भी (डॉनल्ड) ट्रंप परिघटना का साया हर रोज अध िक गहराता जा रहा है।

## भाजपा और कांग्रेस गठबंधन का अंतर

लोकसभा चुनाव में भाजपा और कांग्रेस दोनों गठबंधन बना रहे हैं। दोनों का फर्क यह है कि भाजपा का गठबंधन उसकी शर्तों पर हो रहा है, जबकि कांग्रेस सहयोगी पार्टियों की शर्तों पर गठबंधन कर रही है। यह दोनों पार्टियों की राजनीतिक स्थिति का फर्क भी बताता है। एक तरफ 10 साल से सत्ता में रह कर बेहिसाब शक्ति और संपदा इकत्र्हा करने वाली भाजपा है तो दूसरी ओर राजनीति के बियाबान में भटक रही कांग्रेस है, जो 10 साल से सत्ता से बाहर है, राज्यों में कई जगह जीती हुई सरकारें गंवा चुकी है और ज्यादातर नेता केंद्रीय एजेंसियों की जांच के दायरे में हैं।

तभी ऐसा लग रहा है कि वह कहीं भी गठबंधन करने के लिए अपनी शर्तें आरोपित करने की स्थिति में नहीं है। पिछले साल के अंत में हुए राज्यों के चुनाव में खराब प्रदर्शन ने कांग्रेस की मोलभाव करने की क्षमता को और कम कर दिया। अब स्थिति यह है कि वह महाराष्ट्र में दूसरे नंबर की पार्टी के तौर पर लड़ेगी तो पश्चिम बंगाल में सभी सीटों पर उम्मीदवारों की ममता बनर्जी की एकतरफा घोषणा के बावजूद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे कह रहे हैं कि अब भी तालमेल हो सकता है। कांग्रेस को आम आदमी पार्टी के साथ तालमेल में कई जगह समझौता करना पड़ा है। उसके नेता मजबूरी बताते हुए कह रहे हैं कि कैसे गुजरात में भरूच की अहमद पटेल की सीट आप के लिए छोडनी पड़ी। लोकसभा सीटों के समझौते के नाम पर झारखंड में जेएमएम ने राज्यसभा की कांग्रेस की सीट हथिया ली है।

बहरहाल, कांग्रेस की कमजोरियां अपनी जगह हैं और सत्ता से बाहर होने के अलावा भी उसके कई कारण हैं। उसके बरक्स भाजपा सभी नए और पुराने सहयोगी दलों के साथ अपनी शर्तों पर समझौता कर रही है। भाजपा ने 38 पार्टियों का गठबंधन बनाया है लेकिन यह सुनिश्चित किया है कि पिछले एनडीए की छाया इस पर नहीं रहे।

# इंडिया गठबन्धन की उलझनों से चुनावों में भाजपा की राह आसान होती दिख रही है




वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव ऐतिहासिक होंगे। ऐसी संभावनाएं हैं कि भाजपा शारदार एवं ऐतिहासिक जीत को सुनिश्चित करने के लक्ष्य को लेकर सक्रिय है। नरेन्द्र मोदी चाहते हैं कि इन चुनावों के परिणाम उनके 400 सीटों के लक्ष्य को हासिल करें। इंडिया गठबन्धन लगातार कमजोर होता हुआ दिखाई दे रहा है जबकि केंद्र की सत्ता पर काबिज राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए में नये दलों के जुड़ने की खबरों से उसके बड़े लक्ष्य के साथ जीत की राह आसान होती जा रही है। लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने अपने सहयोगी दलों के साथ 400 सीटें जीतने का लक्ष्य निश्चित किया है। भाजपा जहां इस बडेध लक्ष्य तक पहुंचने के लिए पुराने सहयोगियों को फिर से साध रही है तो दूसरे दलों के नेताओं को अपने पाले में करने पर भी पार्टी का जोर है और वह इसमें बड़ी सफलताओं को प्राप्त कर रही है। ओडिशा में बीजेडी और आंध्र में टीडीपी से गठबंधन पक्का माना जा रहा है। त्रिपुरा का मुख्य विपक्षी दल टिपरा मोथा भी अब भाजपा सरकार में शामिल हो गया है। भाजपा पूरब से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण तक चुनावी समीकरण सेट करने एवं विभिन्न दलों को एनडीए में शामिल करने की रणनीति में जुटी है। भाजपा ने अभी अनेक प्रांतों में अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा नहीं की है, ताकि दूसरे दलों के एनडीए में शामिल करने एवं उनसे सीटों के समीकरण को सेट करने के दरवाजे खुले रहे। निश्चित रूप से भाजपा की यह मजबूत होती स्थिति विपक्ष की एकता के लिए अच्छी खबर नहीं कही जा सकती क्योंकि इंडिया गठबन्ध ान विभिन्न मजबूत क्षेत्रीय दलों का ही गठबन्धन माना जाता है जिसमें कांग्रेस एकमात्र राष्ट्रीय पार्टी है। समाजवादी पार्टी एवं आम आदमी पार्टी के अलावा अन्य क्षेत्रीय दलों में उतना दम नहीं है, या अनेक मजबूत दल एनडीए के साथ जुड़ चुके हैं या उन्होंने स्वतंत्र चुनाव लड़ने की घोषणा करके इंडिया गठबन्ध ान की सांसें छीन ली है। इन नये गठजोड़ों से बनते राजनीतिक परिदृश्य इंडिया गठबन्धन के लिये चिन्ता का कारण है।वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव ऐतिहासिक होंगे। ऐसी संभावनाएं हैं कि भाजपा शारदार एवं ऐतिहासिक जीत को सुनिश्चित करने के लक्ष्य को लेकर सक्रिय है। नरेन्द्र मोदी चाहते हैं कि इन चुनावों के परिणाम उनके 400 सीटों के लक्ष्य को हासिल करें। इसलिये भाजपा विभिन्न दलों को एनडीए में शामिल करने के जोड़–तोड़ में लगी है। इस चुनाव को लेकर चुनावी गठबंधनों का दौर चल रहा है। राजनीतिक दल चुनावी गठबंधनों और सीटों के बंटवारे पर चर्चा कर रहे हैं। एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए गठबंधन में क्षेत्रीय दलों को जोड़ा जा रहा है, तो दूसरी तरफ खड़ा है इंडिया गठबंधन। कांग्रेस के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन ने भी कुछ राज्यों में अपने सहयोगी दलों के साथ सीट शेयरिंग पर बात बना ली है। कुछ पर अब भी बात चल रही है। भाजपा ने 2 मार्च को अपने उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी की। इस लिस्ट में 195 उम्मीदवारों के नाम थे। कुछ ऐसे राज्य बिहार, महाराष्ट्र, ओडिशा, हरियाणा, पंजाब और कर्नाटक हैं जहां से भाजपा ने एक भी उम्मीदवार की घोषणा नहीं की। इन राज्यों के एक भी सीट पर उम्मीदवार के नाम की घोषणा नहीं करने का कारण है– भाजपा की अन्य पार्टियों के साथ गठबंधन या गठबंधन के दलों के साथ सीट शेयरिंग पर अब भी चल रही बातचीत में संभावनाएं तलाशने की रणनीति।लोकसभा चुनाव सन्निकट हैं। इंडिया गठबन्धन एवं एनडीए रूठे नेताओं को मनाने, गठबंधन का गणित सेट करने और पुराने सहयोगियों को फिर से साथ लाकर कुनबा बढ़ाने की कोशिशों में जुटे हैं। भाजपा ने इन चुनावों में 'अबकी पार, 400 पार' का नारा दिया है। अब पार्टी इस नारे को चुनाव नतीजे में तब्दील करने के लिए व्यापक स्तर पर गठबंधनों की संभावनाओं को तलाश रही है। ओडिशा में बीजू जनता दल और भाजपा का गठबंधन पक्का माना जा रहा है। अगर ये गठबंध ान होता है तो राज्य में दोनों ही दलों को बढ़िया चुनाव परिणाम मिल सकते हैं। कारण कि पिछले लोकसभा चुनाव में यहां कांग्रेस को मात्र 1 सीट पर जीत मिली थी और वर्तमान में यहां की राजनीति पर नवीन पटनायक की मजबूत पकड़ बताई जाती है। लोकसभा और विधानसभा के चुनावों में दोनों पार्टियां 11 सालों तक गठबंधन में रहीं। इस दौरान दोनों दलों का राज्य की राजनीति पर दबदबा बना रहा। पटनायक राजनीति के महारथी हैं, उनको भाजपा के साथ गठबंधन करना ही पार्टी एवं राज्य की जनता के हित में प्रतीत हो रहा है। बीजू जनता दल की पिछले 25 वर्षों से ओडिशा में सरकार है और इसके मुख्यमन्त्री नवीन पटनायक इस पार्टी के एकछत्र नेता माने जाते हैं और इस दल का 2009 तक भाजपा से सहयोग था और यह एनडीए का हिस्सा था। 1998 में जब एनडीए का गठन हुआ था तो बीजू जनता दल स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में इसमें शामिल हुआ था। मगर 2008 में ओडिशा के कन्धमाल में भीषण साम्प्रदायिक दंगे हुए थे जिनमें भाजपा पर भी गंभीर आरोप लगे थे। उसके बाद 2009 में बीजू जनता दल लोकसभा चुनाव से पहले एनडीए से बाहर आ गया था। अब पुनः 15 वर्ष बाद वर्ष 2024 के आम चुनाव में ही यह पुनः एनडीए में शामिल हो रहा है और मोदी के नेतृत्व में राज्य को विकास की नयी ऊंचाइयां देना चाहते हैं। नवीन बाबू की वरीयता राज्य शासन पर काबिज रहना है और भाजपा का लक्ष्य केन्द्र की सरकार पर आरुढ़ रहना है। दोनों पार्टियां एक–दूसरे के लक्ष्य को पूरा करने में एक–दूसरे की सहायक हो सकती हैं। अतः इससे विपक्ष का यह विमर्श भी निस्तेज पड़ता है कि श्री मोदी के सत्ता में आने के बाद से देश में भाजपा विरोध का समां बंधा है। मोदी के प्रभावी नेतृत्व का ही परिणाम है कि अनेक क्षेत्रीय दल भाजपा का समर्थन करते हुए न केवल अपनी राजनीति को जीवंत रखना चाहते हैं बल्कि नया भारत–सशक्त भारत बनाने में खुद को शामिल करना चाहते हैं। ओडिशा की ही तर्ज पर बिहार में भी नीतीश को मोदी के नेतृत्व में हित दिखाई दिया है। यही कारण है लोकसभा चुनाव के पहले बिहार में राजनीतिक बदलाव करते हुए नीतीश एनडीए से जुड़ गये। इस बदलाव से राज्य में भाजपा और नीतीश कुमार को इस चुनाव में बड़ा फायदा होने की संभावनाएं है। राज्य में भाजपा के साथ एनडीए गठबंधन में नीतीश कुमार की पार्टी जदयू के अलावा इन दलों का भी साथ है– चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी– रामविलास (लोजपा रामविलास), चिराग के चाचा पशुपति पारस की लोजपा, उपेंद्र कुशवाहा की राष्ट्रीय लोक समता पार्टी (रालोसपा) और जीतन राम मांझी की हिंदुस्तान आवा[म] मोर्चा। लेकिन इन दलों ए[वं] भाजपा के बीच कई कारणों [से] पेंच फंसे हुए है, सीटों के बंटवा[रे] को लेकर समझौते के तार उल[झे] हुए हैं, जो निकट भविष्य [में] सुलझ जाने की उम्मीद है[।] महाराष्ट्र की 48 सीटों में [से] करीब 32 सीटों पर भाजप[ा] चुनाव लड़ सकती है, वह[ीं] एकनाथ शिंदे की शिवसेना [को] लगभग 12 सीट और अजि[त] पवार की एनसीपी को लगभ[ग] 4 सीटें मिल सकती हैं। राज[्य] में 2019 के लोकसभा चुनाव [में] एनडीए में भाजपा के साथ शि[व] सेना ने चुनाव लड़ा था। भाजप[ा] ने 25 सीटों पर उम्मीदवार उता[रे] और 23 पर जीत हासिल [की] थी। वहीं शिवसेना ने 23 सीट[ों] पर चुनाव लड़ा और 18 प[र] जीत दर्ज की। तब कांग्रेस औ[र] एनसीपी गठबंधन में साथ थ[े।] एनसीपी को 4 सीटों पर औ[र] कांग्रेस को 1 सीट पर जी[त] मिली थी।

## आज का राशिफल

मेष राशि–आज तरक्की के नए रास्ते खुले नजर आएंगे। शा[म] तक कोई अच्छी खबर मिलने की संभावना बन रही है। आप[के] माता–पिता के साथ धार्मिक स्थल पर दर्शन के लिए जाएंगे[।] पारिवारिक जीवन खुशहाल बना रहेगा। आप आसपास के लोगों से सहानुभूति बनाए रखेंगे। सॉफ्टवेयर इंजीनियर्स के लिए दिन खास रहने वाला है।

वृष राशि–आज करियर के मामले में आपको कोई बड़ी सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में धन लाभ के अवसर मिलेंगे[।] बिजनेसमैन को काम में बेहतर अपॉर्चुनिटिज मिलेगी। आज आप कुछ ऐसे लोगों के साथ जुड़ेंगे, जो आपकी हर तरह से मदद के लिए तैयार रहेंगे। आपको अपने सगे–संबंधियों से भी पूरा लाभ मिलेगा। परिवार में खुशी का माहौल रहेगा।

मिथुन राशि–आज दांपत्य संबंधों के बीच दूरियां खत्म होंगी[।] रिश्तों में मधुरता आएगी। बिजनेस में किसी काम को लेक[र] परेशान हो सकते हैं। बच्चे आपसे अपनी कोई बात शेयर क[र] सकते हैं। आज उधार लेन–देन से आपको बचना चाहिए। किसी काम से आपको अधिक भागदौड़ भी करनी पड़ सकती है। साथ ही कामकाज की व्यस्तता में आपको खाना–पीना बिल्कुल नहीं भूलना चाहिए।

कर्क राशि–आज आपको अपनी प्रतिष्ठा में वृद्धि लाने के लिए क[ई] अवसर प्राप्त होंगे। आप अपने जीवन को और बेहतर बनाने के लिए अग्रसर रहेंगे। इससे आज आपका काफी समय खराब हो सकता है। घर में नए मेहमान के आने की संभावना है। एक साथ बैठकर किसी खास मामले पर बातचीत हो सकती है। आज आप किसी तरह की राजनीति में उलझ सकते हैं।

सिंह राशि–आज आपको लाभ के कुछ अवसर प्राप्त होंगे। जो लोग बेरोजगार हैं, उन्हें रोजगार पाने का सुनहरा अवस[र] मिलेगा। अगर आप किसी को पसंद करते हैं और उसे प्रपोज करना चाहते हैं, तो आज का दिन शुभ है। केमिस्ट्री स्टूडेंट्स के लिए दिन मिला–जुला रहने वाला है। मेहनत के बल पर आपको सफलता मिलेगी।

कन्या राशि–आज आपका दिन कुछ खास लेकर आने वाला है[।] घर का वातावरण खुशनुमा बना रहेगा। किसी जरूरी काम मे[ं] थोड़ी सी मेहनत करने से ही सफलता मिल जाएगी। लवमेट के लिए दिन फेवरेबल रहने वाला है। रिश्तों में नयापन आएगा। वे[ब] डिजाईनर्स के लिए दिन उत्तम रहने वाला है। बच्चे पढ़ाई के मामले में अपने दोस्तों से कोई अच्छी प्रेरणा लेंगे।

तुला राशि–आज मन स्थिर न होने की वजह से आप थोड़े परेशान हो सकते हैं, लेकिन शाम तक आप बेहतर महसूस करेंगे। आज कोई बड़ा फैसला लेने में आपको परेशानी महसूस होगी। दोस्तों के साथ अनबन होने की भी संभावना है। आपको दोस्त से बिना वजह की बात करने से बचना चाहिए। ऑफिस में सहयोगियों के साथ किसी प्रोजेक्ट को लेकर आप एकमत दिखाई नहीं देंगे।

वृश्चिक राशि–आज अच्छे प्रदर्शन का प्रभाव आपके करियर प[र] स्पष्ट रूप से दिखाई देगा। आप अपने सीनियर्स के प्रति अच्छ[ा] व्यवहार बनाए रखेंगे। बायोलॉजी स्टूडेंट्स के लिए दिन बेहतरीन रहने वाला है। टीचर्स का आपको पूरा–पूरा सपोर्ट मिलेगा[।] माता–पिता के साथ संबंध मजबूत होंगे।

धनु राशि–आज पैसों से जुड़ा मामला आसानी से सुलझ जाएगा[।] आज दिनभर उत्साह और कॉन्फिडेंस रहेगा। आपको कुछ न[ई] चीजों से जुड़ाव महसूस होगा। आपके स्वभाव में धीरज बन[ा] रहेगा। आप अपनी सभी समस्याओं का हल आराम से ढूं[ढ] निकालेंगे।

मकर राशि–आज आपकी सेहत पहले की अपेक्षा अच्छी रहेगी[।] आज का दिन खुद में बदलाव लाने के लिए अच्छा है। करिय[र] में आपकी सफलता सुनिश्चित होगी। आज आपको घर के वरिष्[ठ] लोगों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यवसाय के सिलसिले में विदेश यात्रा करनी पड़ सकती है।

कुंभ राशि–आज आपको उम्मीद से ज्यादा धन प्राप्त होगा। आपके रुके हुए काम आज जरूर पूरे होंगे। ऑफिस में किसी बड़े अध िकारी का सहयोग मिलेगा। व्यापारियों को आय के नए स्रोत मिलेंगे। कोई काम मन–मुताबिक पूरा होने से आप प्रसन्न रहेंगे[।] साथ ही आप सेहतमंद भी बने रहेंगे।

मीन राशि–आज करियर के मामले में चीजें बेहतर होने के आसा[र] हैं। आप अपना काम अच्छे से पूरा करने की कोशिश करेंगे[,] लेकिन आज आपको अपने जीवनसाथी की सेहत के प्रति चिंत[ा] हो सकती है।

# ओपेनहाइमर सचमुच सिकंदर!

श्रुति व्यास

एटम बम बना लिया गया है। सब उत्फुल्लित हैं, आनंदित हैं, गर्वित हैं, जयकारे लगा रहे हैं। मगर इस उत्सवी वातावरण से अछूता, एटम बम का निर्माता, उसका पितामह, व्याकुल है, उदास है। ष्मैंने ये क्या कर दिया? मैंने ये क्या बना दिया? मैंने ये क्यों किया?ष

और फिर कैमरा हमें वह दिखाता है जो ओपेनहाइमर के दिमाग में चल रहा है। उनका शरीर उस कमरे में है जो खुशी से झूमते, उनका अभिनन्दन करते लोगों से भरा हुआ है। मगर उनका मन कहीं और है। हिरोशिमा नष्ट हो चुका है। सफेद–सुनहरी रौशनी आकाश में बिखरी हुई है। पृष्ठभूमि में वह भाषण चल रहा है जिसमें बताया जा रहा है कि हिरोशिमा को वाष्पित कर दिया गया है।

कमरे में हो रहे शोर की आवाज धीमी होती जाती है। उसकी जगह लेती है एक मर्मभेदी चीख। हम देखते हैं कि खुशी से पागल लोगों की भीड़, दर्द से तडफ रहे लोगों की भीड़ में बदल रही है। एक महिला की त्वचा उसके चेहरे से उतर कर लटक गई है। ओपेनहाइमर यह सब देख रहे हैं और हम उन्हें। उनका चेहरा सफेद रौशनी में नहाया हुआ है और उनके इर्दगिर्द की चीजें कभी धुंधली हो रहीं तो कभी साफ दिख रहीं हैं। पार्श्व संगीत खून को जमा देने वाला है। आपका दिमाग काम करना बंद कर देता है।

यही वह क्षण है दृ जो आपकी भावनाओं को उनके चरम पर ले जाता है, जो आपका दिल दहला देता है दृ जो कम से कम मेरे लिए ओपेनहाइमर को एक ऐसी फिल्म बनाता है जिस पर फिध्दा होने को जी चाहता है।इस फिल्म के जरिये क्रिस्टोफर नोलान हमें एटम बम के पितामह जे. रोबर्ट ओपेनहाइमर की कहानी सुनाते हैं, और बताते हैं कि मानवता को उसके ही विध वंस का औजार सौंपकर इस वैज्ञानिक को कितनी वेदना हुई थी। इस फिल्म में वह सब कुछ था जो किसी भी फिल्म पुरस्कार में उसे अव्वल स्थान दिला सकता था। और 10 मार्च की रात ऑस्कर्स में यही हुआ।

ओपेनहाइमर को 13 श्रेणियों में नोमिनेट किया गया था और उसे सात पुरस्कार मिले, जिनमें सर्वोत्तम कलाकार, सर्वोत्तम निर्देशक और सर्वोत्तम फिल्म शामिल थे। मजे की बात यह कि इस सबसे बड़े अमेरिकी फिल्म पुरस्कार में ब्रिटिश छाए रहे। निर्देशक नोलान इंग्लैंड से हैं और अभिनेता कीलियन आयरलैंड से।

मगर शुरुआत में किसी को यह अंदाजा नहीं था कि ओपेनहाइमर 2023 की सबसे पसंदीदा फिल्म बन जाएगी। फिल्म के रिलीज होने के पहले इस आशय के कयास लगाए जा रहे थे, बातें हो रहीं थीं, भविष्यवाणी की जा रही थी कि ओपेनहाइमर शायद ही सफल हो और शायद ही अपने बजट से ज्यादा कमाई कर पाए। इसके लिए कई कारण गिनाए जा रहे थे।

कहा जा रहा था कि यह आत्मकथ्यात्मक बायोपिक, जिसमें नोलान की कुछ चित्र–विचित्र कल्पनाएं शामिल थीं, दर्शकों को सिनेमाघरों तक लाने में कामयाब नहीं होगी क्योंकि तीन साल से लोग वैसे ही कोविड महामारी, युद्ध, बढ़ती कट्टरता और लोकलुभावनवाद से हैरान–परेशान है। यथार्थ उन्होंने बहुत देख–भोग लिया है। वे अकेलेपन, तनाव और चिंता के शिकार रहे हैं। ऐसे में उन्हें एक मनोरंजक फिल्म चाहिए होगी, ऐसी फिल्म जो उन्हें यथार्थ से दूर ले जाए, ना कि ओपेनहाइमर, जो अतीत के एक भयावह सच से उनका साबका करवाए।

दर्शक ओपेनहाइमर को नजरअंदाज करेंगे, यह बात इसलिए भी की जा रही थी क्योंकि उसके ठीक पहले बार्बी रिलीज हो रही थी, जो दर्शकों को फंतासी की चुलबुली दुनिया में ले जाने वाली फिल्म थी। मगर जब ओपेनहाइमर रिलीज हुई तो सारे कयास गलत सिद्ध हो गए। उसने जबरदस्त सफलता हासिल की। इस सफलता ने हम मनुष्यों की मानसिकता का एक और पहलू उजागर किया। और वह यह कि यथार्थ का यथार्थ चाहे कितना ही बुरा क्यों न हो, उससे दूर जाने के लिए भी हमें यथार्थ की जरुरत होती है! एक यथार्थ दूसरे यथार्थ से पलायन करने में हमारी मदद करता है!

क्रिस्टोफर नोलान सिनेमा के तकनीकी पक्ष के उस्ताद है। मगर वे आम दर्शकों को बाँधने में सक्षम यथार्थ को दिखाने में भी उस्ताद हैं। उन्होंने सन 2023 में दर्शकों को थिएटरों में वापस लाने में अहम भूमिका निभाई। बार्बी ने भी ओपेनहाइमर का साथ दिया और दोनों ने मिलकर दर्शकों को इस बात के लिए मजबूर कर दिया कि वे अपने सोफों से उठें, ओटीटी प्लेटफार्मों का नशा छोडें और थिएटरों की ओर कूच करें।

ओपेनहाइमर ऑस्कर्स ही नहीं बल्कि बाफ्ता, एमीज और अन्य फिल्म पुरस्कारों की भी सिकंदर साबित हुई है। और इसमें कुछ भी आश्चर्यजनक नहीं है। उसमें दर्शकों का दिल जीतने के लिए सब कुछ था और पुरस्कारों की जूरी के लिए भी बहुत कुछ। थीम गंभीर थी और उसे पूरी गंभीरता से स्क्रीन पर उकेरा गया था। अदाकारी जबरदस्त थी। कीलियन का सर्द निगाहें और उनके अन्दर भरा हुआ गुस्से का गुबार, रॉबर्ट डाउनिंग जूनियर (जो रॉबर्ट डाउनिंग जूनियर की तरह बिलकुल नहीं लगे) के लड़ाका तेवर, और होश उड़ाने वाले दृश्य। ओपेनहाइमर फिल्म के माध्यम और कला दोनों को नई ऊंचाईयों तक ले जाती है।ऑस्कर्स की घोषणा के साथ, बार्बी और ओपेनहाइमर के बीच मुकाबले का समापन हुआ। ओपेनहाइमर न केवल एक बेहतरीन कलात्मक फिल्म साबित हुई बल्कि उसने खूब धन भी कमाया। बार्बी की फंतासी की दुनिया को पछाड़ते हुए उसने 90 करोड़ डॉलर की कमाई की और दुनिया के महानतम फिल्मों की सूची में अपनी जगह बनाई। आखिरकार, सात ऑस्कर जीतना कोई मामूली उपलब्ध ि तो नहीं है।

बोहेमियन रेपसोडी को पीछे छोड़कर वह इतिहास की सबसे सफल बायोपिक बन गई है। वह 2023 की सफलतम फिल्मों (बार्बी और सुपर मारिओ के बाद) में तीसरे नंबर पर है। वह नोलान की तीसरी सफलतम फिल्म है (द डार्क नाइट और द डार्क नाइट राइजिस के बाद) और यूनिवर्सल पिक्चर्स के एक सदी से भी लम्बे इतिहास की बारहवीं सफलतम (और अगर आप फ्रैंचाइज फिल्मों को छोड़ दें तो सफलतम) फिल्म है।

फिल्म अवार्ड्स का सिलसिला समाप्त हो गया है और सबकी निगाहें अब एक दूसरे हिट शो पर हैं दृ अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव दृ जो शायद उतने ही दिलचस्प और ऐतिहासिक होंगें। इस दूसरे शो का एक टीजर ऑस्कर्स में भी देखने को मिला।समारोह के एक मेजबान जिमी किमल ने अंत में ट्रुथ सोशल पर ट्रम्प द्वारा लिखी गई एक पोस्ट को पढ़ा। इसमें कहा गया था, षकिमल से मुक्ति पाओ और उसकी जगह पिटे हुए मगर सस्ते जॉर्ज डेफोनेफिलिस को रखो। उससे स्टेज पर उपस्थित हर व्यक्ति अधिक बड़ा, और ताकतवर और ज्यादा ग्लैमरस नजर आएगाज्मेक अमेरिका ग्रेट अगेन।ट्रम्प को शो देखने के लिए शुक्रिया अदा करते हुए किमल ने अंत में पूछा, ष्क्या आपको जेल जाने में देरी नहीं हो गई है?ष एक दूसरे यथार्थ से रूबरू होने का वक्त आ गया है।

# आईपीएल 2024 से पहले मोहम्मद शमी ने चोट को लेकर दी बड़ी अपडेट

मोहम्मद शमी ने बुधवार को अपनी सर्जरी को लेकर अपडेट दिया। उन्होंने अपनी एड़ी की सर्जरी के बाद की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने इस पोस्ट में कहा कि सर्जरी हुए 15 दिन बीत चुके हैं और वह जल्द से जल्द ठीक होना चाहते हैं। वह अपने आगे की रिकवरी प्रोसेस पर ध्यान दे रहे हैं।भारतीय टीम के स्टार तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने बुधवार को अपनी सर्जरी को लेकर अपडेट दिया। उन्होंने अपनी एड़ी की सर्जरी के बाद की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने इस पोस्ट में कहा कि सर्जरी हुए 15 दिन बीत चुके हैं और वह जल्द से जल्द ठीक होना चाहते हैं। वह अपने आगे की रिकवरी प्रोसेस पर ध्यान दे रहे हैं। आईपीएल में गुजरात टाइटंस के लिए खेलने वाले शमी आगामी आईपीएल सीजन में नहीं खेलेंगे। बता दें कि, मोहम्मद शमी के चोटिल टखने के ऑपरेशन के बाद अब टांके काट दिए गए हैं। वनडे विश्व कप में 24 विकेट लेने वाले शमी चोट के कारण इंग्लैंड के खिलाफ हाल में समाप्त हुई पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में नहीं खेल पाए थे। उन्होंने पिछले महीने अपने चोटिल टखने का ऑपरेशन करवाया था और इस कारण वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में भी नहीं खेल पाएंगे।



# आईपीएल 2024 से पहले दिल्ली कैपिटल्स को बड़ा झटका, हैरी ब्रूक ने टूर्नामेंट से नाम वापस लिया

दिल्ली कैपिटल्स में कप्तान ऋषभ पंत की वापसी हो रही है। वहीं पंत की वापसी की खुशखबरी के बीच दिल्ली कैपिटल्स को एक झटका भी लगा है। दिल्ली कैपिटल्स ने हैरी ब्रूक को 4 करोड़ रुपये में खरीदा था, लेकिन इस इंग्लिश क्रिकेटर ने निजी कारणों के चलते आईपीएल 2024 से अपना नाम वापस ले लिया है। आईपीएल 2024 का आगाज 22 मार्च को होना है और दिल्ली कैपिटल्स की टीम अपना पहला मैच 23 मार्च को खेलेगी। दिल्ली कैपिटल्स में कप्तान ऋषभ पंत की वापसी हो रही है। वहीं पंत की वापसी की खुशखबरी के बीच दिल्ली कैपिटल्स को एक झटका भी लगा है। दिल्ली कैपिटल्स ने हैरी ब्रूक को 4 करोड़ रुपये में खरीदा था, लेकिन इस इंग्लिश क्रिकेटर ने निजी कारणों के चलते आईपीएल 2024 से अपना नाम वापस ले लिया है। हालांकि, ब्रूक पहले इंग्लिश खिलाड़ी नहीं हैं जिन्होंने आईपीएल 2024 से अपना नाम वापस लिया है। इससे पहले जेसन रॉय भी निजी कारणों का हवाला देते हुए अपना नाम वापस ले चुके हैं। ब्रूक को भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज में भी खेलना था, लेकिन उन्होंने आखिरी समय पर स्क्वॉड से नाम वापस ले लिया था।

# आईपीएल के पूरे सत्र के लिए उपलब्ध रहेंगे बेयरस्टो, धर्मशाला में दो मैच खेलेगा पंजाब

जॉनी बेयरस्टो भारत के लंबे टेस्ट दौरे के बाद हाल ही में स्वदेश लौटने के बावजूद 22 मार्च से शुरू होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पूरे सत्र के लिए उपलब्ध रहेंगे। वहीं भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) और इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के अधिकारियों के बीच खिलाड़ियों की आईपीएल के लिए उपलब्धता को लेकर बातचीत हुई थी।इंग्लैंड के बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो भारत के लंबे टेस्ट दौरे के बाद हाल ही में स्वदेश लौटने के बावजूद 22 मार्च से शुरू होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पूरे सत्र के लिए उपलब्ध रहेंगे। भारत और इंग्लैंड के बीच धर्मशाला में खेले गए पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच के दौरान भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) और इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के अधिकारियों के बीच खिलाड़ियों की आईपीएल के लिए उपलब्धता को लेकर बातचीत हुई थी।टेस्ट क्रिकेट में नियमित रूप से खेलने वाले कप्तान बेन स्टोक्स, जो रूट और मार्क वुड पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि वह आईपीएल में खेलने के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे। आईपीएल के सूत्रों ने कहा,''पंजाब किंग्स के बल्लेबाज बेयरस्टो 18 या 19 मार्च को भारत पहुंचेंगे तथा टीम के दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 23 मार्च को होने वाले पहले मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे।'' इस बीच के पंजाब किंग्स के क्रिकेट निदेशक नियुक्त किए गए संजय बांगड़ टीम के बल्लेबाजी कोच की भूमिका भी निभाएंगे। इस तरह से पंजाब किंग्स ने वसीम जाफर से नाता तोड़ दिया है जो पिछले सत्र में टीम के बल्लेबाजी कोच थे। आईपीएल का अभी पूरा कार्यक्रम जारी नहीं हुआ है लेकिन पिछले सत्र की तरह पंजाब की टीम अपने अंतिम दो घरेलू मैच धर्मशाला में खेल सकती है। पंजाब अपने अन्य पांच घरेलू मैच मोहाली में खेलेगा।



# फिर से डेब्यू कर रहा... आईपीएल 2024 के लिए दिल्ली कैपिटल्स से जुड़े पंत





ऋषभ पंत को बीसीसीआई ने मंगलवार को आईपीएल में खेलने के लिए फिट घोषित कर दिया है। पंत 14 महीने पहले एक दर्दनाक कार दुर्घटना में काफी चोटें लगी थी। जिसके बाद वह काफी समय तक बेड रेस्ट पर थे और उसके बाद उनके पैर में लगी चोट के कारण वह लंबे समय तक बैसाखी के सहारे चल रहे थे। हालांकि, अब वह पूरी तरह फिट हैं और आईपीएल 2024 में दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान के रूप में वापसी करेंगे। भारत के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को बीसीसीआई ने मंगलवार को आईपीएल में खेलने के लिए फिट घोषित कर दिया है। पंत 14 महीने पहले एक दर्दनाक कार दुर्घटना में काफी चोटें लगी थी। जिसके बाद वह काफी समय तक बेड रेस्ट पर थे और उसके बाद उनके पैर में लगी चोट के कारण वह लंबे समय तक बैसाखी के सहारे चल रहे थे। हालांकि, अब वह पूरी तरह फिट हैं और आईपीएल 2024 में दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान के रूप में वापसी करेंगे। पंत दिल्ली कैपिटल्स के कैंप में शामिल हो गए हैं। उन्होंने कहा कि वह थोड़ा नर्वस हैं और उन्हें लग रहा है कि वह फिर से डेब्यू करने जा रहे हैं। ऋषभ पंत 13 मार्च को दिल्ली कैपिटल्स आईपीएल 2024 प्री–सीजन कैंप में शामिल हुए। ये विकेटकीपर बल्लेबाज आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स की अगुवाई करेगा जिसका पहला मैच 23 मार्च को मोहाली में पंजाब किंग्स के साथ होगा। पंत ने कहा कि, मैं उत्साहित और नवर्स हूं। ऐसा लग रहा है कि मैं दोबारा डेब्यू करने जा रहा हूं। पंत ने दिल्ली कैपिटल्स की विज्ञप्ति ने कहा कि, मैं जिस दौर से गुजरा हूं उसे देखते हुए फिर से क्रिकेट खेलने में सक्षम होना किसी चमत्कार से कम नहीं है। मैं अपने शुभचिंतकों और प्रशंसकों तथा विशेष रूप से बीसीसीआई और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के कर्मचारियों का आभार व्यक्त करता हूं, उनका प्यार और समर्थन मुझे मजबूती प्रदान करता रहा है। दिल्ली कैपिटल्स के सत्र पूर्व अभ्यास शिविर से जुड़ने के बारे में पंत ने कहा, मैं दिल्ली कैपिटल्स और आईपीएल में वापसी करने को लेकर उत्साहित हूं। ये ऐसा टूर्नामेंट है जिसे खेलने का मैं पूरा लुत्फ को उठाता हूं। हमारी टीम के मालिकों और सहयोगी स्टाफ ने शुरू से मेरा पूरा समर्थन किया जिसके लिए मैं उनका तहेदिल से आभारी हूं।

# आर अश्विन ने छीना जसप्रीत बुमराह का नंबर–1 का ताज, बल्लेबाजों में रोहित शर्मा को फायदा

टीम इंडिया के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह से नंबर–1 टेस्ट गेंदबाज का ताज छिन गया। लेकिन इंडियन फैंस के लिए खुशखबरी ये है कि ये तमगा आर अश्विन ने छीना है। धर्मशाला में इंडिया वर्सेस इंग्लैंड पांच मैचों की सीरीज का आखिरी टेस्ट मैच खेला गया था, जो अश्विन के करियर का 100वां टेस्ट मैच भी था।आईसीसी ने ताजा टेस्ट रैंकिंग जारी की है। वहीं इंडिया वर्सेस इंग्लैंड और न्यूजीलैंड वर्सेस ऑस्ट्रेलिया टेस्ट सीरीज खत्म होने के बाद आईसीसी टेस्ट बल्लेबाज, गेंदबाज और ऑलराउंडर की रैंकिंग में कुछ बड़े बदलाव देखने को मिले हैं। टीम इंडिया के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह से नंबर–1 टेस्ट गेंदबाज का ताज छिन गया। लेकिन इंडियन फैंस के लिए खुशखबरी ये है कि ये तमगा आर अश्विन ने छीना है। धर्मशाला में इंडिया वर्सेस इंग्लैंड पांच मैचों की सीरीज का आखिरी टेस्ट मैच खेला गया था, जो अश्विन के करियर का 100वां टेस्ट मैच भी था। अश्विन ने इस मैच को यादगार बनाते हुए नौ विकेट चटकाए और इसका फायदा उन्हें रैंकिंग में भी मिला। आईसीसी टेस्ट गेंदबाजों रैंकिंग में अश्विन के अलावा कुलदीप यादव को भी जबर्दस्त फायदा मिला है। वहीं जसप्रीत बुमराह संयुक्त रूप से दूसरे पायदान पर हैं। अश्विन 870 रेटिंग पॉइंट्स के साथ टॉप पर हैं। वहीं 847–847 रेटिंग पॉइंट्स के साथ ऑस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड और जसप्रीत बुमराह संयुक्त रूप से दूसरे पायदान पर हैं। रविंद्र जडेजा टेस्ट बॉलिंग रैंकिंग में सातवें पायदान पर बने हुए हैं। वहीं कुलदीप यादव को 15 पायदान का फायदा मिला है और वह 16वें पायदान पर पहुंच गए हैं। इस तरह से टॉप 20 टेस्ट गेंदबाज में भारत के चार गेंदबाज शामिल हैं। आईसीसी टेस्ट बल्लेबाज रैंकिंग की बात करें तो केन विलियमसन टॉप पर बने हुए हैं, वहीं जो रूट दूसरे पायदान पर ही हैं। बाबर आजम को दो पायदान का फायदा मिला है और वह तीसरे नंबर पर आ गए हैं। इसके बाद डेरेल मिचेल और स्टीव स्मिथ का नंबर आता है। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को पांच पायदान का फायदा मिला है और वह पांचवें नंबर पर आ गए हैं। रोहित शर्मा ने ध र्मशाला टेस्ट में शतक ठोका था। यशस्वी जायसवाल को भी दो पायदान का फायदा मिला है और वह आठवें नंबर पर आ गए हैं। विराट कोहली एक पायदान फिसलकर 9वें नंबर पर पहुंच गए हैं। धर्मशाला टेस्ट में शतक लगाने वाले शुभमन गिल को भी रैंकिंग में दमदार फायदा मिला है। 11 पायदान की लंबी छलांग लगाकर गिल 20वें नंबर पर पहुंच गए हैं।





# राज्य इकाइयों के विदेशी क्रिकेट बोर्ड से सीधे गठजोड़ करने पर रोक लगा सकता है बीसीसीआई

बीसीसीआई अभ्यास शिविर आयोजित करने और प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए राज्य इकाइयों के सीधे विदेशी क्रिकेट बोर्ड से गठजोड़ करने पर रोक लगाने की तैयारी में है। बीसीसीआई चाहता है कि राज्य इकाइयां इस तरह के किसी भी प्रस्ताव पर उसके माध्यम से आगे बढ़ें। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) अभ्यास शिविर आयोजित करने और प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए राज्य इकाइयों के सीधे विदेशी क्रिकेट बोर्ड से गठजोड़ करने पर रोक लगाने की तैयारी में है। बीसीसीआई चाहता है कि राज्य इकाइयां इस तरह के किसी भी प्रस्ताव पर उसके माध्यम से आगे बढ़ें। इस मामले में 18 मार्च को होने वाली बीसीसीआई की शीर्ष परिषद की बैठक में फैसला लिया जाएगा।बीसीसीआई को यह फैसला करने के लिए इसलिए मजबूर होना पड़ रहा है क्योंकिदिल्ली और पुडुचेरी सहित कई राज्य इकाइयों ने विदेशी क्रिकेट बोर्ड विशेषकर एसोसिएट देशों से अपनी टीम की मेजबानी करने के लिए बातचीत की है। इस बात की पुष्टि की जा सकती है कि दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ को नेपाल क्रिकेट बोर्ड की तरफ से प्रस्ताव मिला है। बीसीसीआई के सूत्र ने कहा,''राज्य इकाइयां निश्चित तौर पर क्रिकेट संबंधी गतिविधियों के लिए विदेशी क्रिकेट बोर्ड से गठजोड़ कर सकती हैं लेकिन इस तरह की साझेदारी बीसीसीआई के जरिए होनी चाहिए क्योंकि वह मूल संस्था है। सभी प्रस्ताव बीसीसीआई के जरिए आगे बढ़ाए जाने चाहिए।'' शीर्ष परिषद की आगामी बैठक में क्रिकेट मैचों के आयोजन के लिए राज्य इकाइयों का विदेशी बोर्ड के साथ गठजोड़ पर चर्चा की जाएगी। इसके बाद बीसीसीआई इस पर फैसला करने का अधिकार अपने हाथ में ले लेगा। नेपाल की टीम इस साल जून में अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले भारत के दौरे पर आ सकती है। नेपाल क्रिकेट बोर्ड के अधिकारियों ने पिछले महीने बीसीसीआई सचिव जय शाह के साथ बैठक की थी। बीसीसीआई इससे पहले भी एसोसिएट देशों की मदद करता रहा है। एक समय अफगानिस्तान ने भारत को अपना घरेलू स्थल बनाया था। उसने तब देहरादून और ग्रेटर नोएडा में अभ्यास करने के अलावा मैच भी खेले थे। एसोसिएट देश मदद के लिए केवल भारत ही नहीं बल्कि अन्य पूर्णकालिक सदस्य देशों से भी संपर्क कर रहे हैं। बुधवार को ही श्रीलंका क्रिकेट ने जापान क्रिकेट संघ के साथ समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए। इसके तहत श्रीलंका जापान में क्रिकेट को आगे बढ़ाने में मदद करेगा।

# जेम्स एंडरसन का बयान, कहा– कुलदीप यादव को पता था कि वो मेरा 700वां टेस्ट विकेट बनेगा

जेम्स एंडरसन ने खुलासा किया है कि भारत के निचले क्रम के बल्लेबाज कुलदीप यादव को एहसास हो गया था कि वह उनका टेस्ट क्रिकेट में 700वां विकेट बनेगा। एंडरसन ने भारत और इंग्लैंड के बीच धर्मशाला में खेले गए पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच में 9 मार्च को कुलदीप यादव को आउट करके अपना 700वां विकेट हासिल किया था। इंग्लैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने खुलासा किया है कि भारत के निचले क्रम के बल्लेबाज कुलदीप यादव को एहसास हो गया था कि वह उनका टेस्ट क्रिकेट में 700वां विकेट बनेगा। एंडरसन ने भारत और इंग्लैंड के बीच धर्मशाला में खेले गए पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच में 9 मार्च को कुलदीप यादव को आउट करके अपना 700वां विकेट हासिल किया था। एंडरसन यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले तेज गेंदबाज और कुल तीसरे गेंदबाज बने। उन्होंने अपने 187वें टेस्ट मैच में यह उपलब्धि हासिल की। एंडरसन ने बीबीसी के एक पॉडकास्ट ने कहा,''कुलदीप ने मेरी एक गेंद थर्ड मैन पर खेल कर एक रन लिया। जब वह नॉन स्ट्राइकर छोर पर पहुंचा तो तब मैं वापस अपने रनअप पर जा रहा था। तब उसने कहा,'मैं आपका 700वां विकेट बनने जा रहा हूं।'' उन्होंने कहा,''उसके कहने का मतलब यह नहीं था कि वह आउट होने की कोशिश कर रहा है। वह सिर्फ यह बता रहा था कि उसे ऐसा एहसास हो रहा है। उसकी बात पर हम दोनों हंस पड़े थे।'

# आंखों में इंफेक्शन या जलन होने पर न करें यह गलतियां, बल्कि ऐसे रखें खास ख्याल

मौसम बदलने पर अक्सर आंखों में इंफेक्शन की समस्या हो जाती है. शुरुआत में तो यह नॉर्मल खुजली और जलन से शुरू होता है लेकिन बाद में यह दोनों आंखों में फैल जाता है. जिसकी वजह से बहुत सारी दिक्कतें शुरू हो जाती हैं. यह इंफेक्शन बैक्टीरिया या किसी खास तरह के इंफेक्शन के कारण होता है. यह किसी भी उम्र के लोगों को हो सकता है. अगर आपको भी आंखों में ऐसी दिक्कत महसूस हो रही है तो आपको बिना समय गवाएं डॉक्टर को दिखाना चाहिए.

आंखों में जब भी इंफेक्शन हो जाए तो बाहर जाने से बचना चाहिए क्योंकि इससे आंखों की खुजली बढ़ सकती है. डॉक्टर के सलाह के बिना किसी भी दवा का इस्तेमाल आंखों में नहीं करना चाहिए. आंखों को साफ रखने के लिए गुनगुने पानी का इस्तेमाल करें. साथ ही हल्के हाथों से आंखों पर जमा गंदगी को साफ करें. आंखों में इंफेक्शन होने पर आंखें लाल हो जाती है. जिसके कारण इसमें खुजली और कई तरह के दूसरे लक्षण दिखाई देते हैं.आंखों में इंफेक्शन होने पर ये गलतियां न करें

आंखों में इंफेक्शन होने पर पब्लिक प्लेस पर जानें से बचें. अगर जरूरी है तो चश्मा पहनकर ही जाएं. साथ ही आंखों पर हाथ का इस्तेमाल कम करें.

बाहरी लोगों से हाथ मिलाने या टच रने से बचें. बच्चों को भी ऐसे करने से रोकें.

एक टाइम गैप पर सैनिटाइजर का इस्तेमाल करते रहें. और हर घंटे हाथों को धोते रहें.

आंखों की देखभाल के लिए हर घंटे साफ पानी से आंख ध ोंए और फिर आई वाइप्स का इस्तेमाल करें.

आंखों से गंदगी निकालने के लिए आई ड्रॉप का समय–समय पर इस्तेमाल करना चाहिए.

तौलिया, तकिया, कपड़े, चादर, चश्मे और आई मेकअप दूसरे के साथ शेयर न करें.

आंखों को बार–बार मलने या खुजली करने से बचें. जब आंखों में खुजली शुरू हो तो ठंडे पानी से छींटे मारे

आई फ्लू से बचना है तो इस तरह से करें आंखों की देखभालआंख बहुत ज्यादा सेंसिटीव होता है. एयर पॉल्यूशन से बचना है तो आंखों की खास देखभाल करने की जरूरत है. आज हम आपको आंखों की देखभाल करने के लिए कुछ खास टिप्स बताएंगे.

आई फ्लू से बचना है तो समय–समय पर हाथ को साफ करते रहें ताकि इंफेक्शन ज्यादा बढ़े नहीं. बरसात में भीगने या स्वीमिंग पूल में नहाने से बचें

जिस व्यक्ति को आई फ्लू हुआ है उसके कॉन्टैक्ट में आने से बचें

कॉन्टैक्ट लेंस को ठीक से साफ करें.

बाहर निकले तो आई वाइप्स का इस्तेमाल करें ताकि आंखों में गंदगी न घुसे

डाइट में विटामिन ए, बी और सी का इस्तेमाल करें. ढेर सारा पानी पिएं. खाने में विटामिन का इस्तेमाल ज्यादा करें.

धूप, धूल और मिट्टी से बचना है तो गॉगल्स का इस्तेमाल करें.



# जानिए कान में जाने के बाद अंदर क्या–क्या करता है ईयरफोन, सिर्फ एक गलती बना सकती है बहरा!

गाना सुनना हर किसी को पसंद होता है. कई बार लोग गाना सुनने के चक्कर में कानों की सेहत के बारे में भूल जाते हैं, जिससे कई बीमारियां होने की संभावना होती है. आज हम आपको इस लेख के जरिए बताएंगे कि ईयरफोन्स या हेडफोन्स से ऊंची आवाज में गाना सुनना कानों के लिए कितना नुकसान दायक हो सकता है. साथ ही इससे हमारे कानों में बैक्टीरिया होने की भी संभावना बढ़ जाती है.आजकल बच्चों से लेकर बड़ों तक हर कोई ईयरफोन्स लगाकर अपने काम करता है, यहीं नहीं लोग जिम, ऑफिस, घर हर जगह ईयरफोन्स का इस्तेमाल करते हैं. ऐसे में कई बार ध्यान नहीं होने पर हम ईयरफोन्स को कहीं भी रख देते हैं, जिससे आसपास की गंदगी, बारीक मच्छर, धूल जैसे कण ईयरफोन्स पर लग जाते हैं. फिर वहीं से उन्हें उठा कर हम अपने कानों पर लगा लेते हैं, ऐसा करने से ईयरफोन्स में लगे बैक्टीरिया हमारे कानों में जाते हैं. जिसकी वजह से कानों में बीमारीयां होने लगती है.कई बार लोग ईयरफोन एक दूसरे से बदल लेते हैं. इनको एक्सचेंज करने से भी दूसरे के कान के बैक्टीरिया आपके कानों में आ जाते हैं. ऐसा करने से कान से जुड़ी समस्या होने लगती है. कई लोगों में बहरापन जैसी दिक्कत देखी गई है. ईयरफोन के कान में जाते ही उसमें मौजूद गंदगी, धूल के कण कान में प्रवेश करते हैं. क्योंकि आपके कान की नली अंधेरी और गर्म होती है, इसलिए यह बैक्टीरिया के लिए जगह बनाती है. जिससे हमारे कान में इंफेक्शन होने लगता है और धीरे–धीरे इससे कान से जुड़ी बीमारियां होने लगती है.लंबे समय तक ईयरफोन का इस्तेमाल करने से कानों में तेज दर्द होने लगता है. इसकी इलेक्ट्रोमैग्नेटिक वेव्स दिमाग पर बुरा असर डालती है, जिससे नसों में सूजन, हियरिंग सेल्स, कान सुन्न, कान के संक्रमण बढने लगते हैं.ऐसे करें बचावहेडफोन या ईयरफोन की जगह मोबाइल का इस्तेमाल करें.किसी के साथ अपने ईयरफोन ना बदलें.लंबे समय तक ईयरफोन का यूज ना करें.हेडफोन और ईयरफोन अच्छी कंपनी का ही इस्तेमाल करें.समय–समय पर ईयरफोन को साफ करते रहें.ईयरफोन से बीच–बीच में ब्रेक लें. दिनभर में 60 मिनट से ज्यादा देर तक हेडफोन और ईयरफोन का इस्तेमाल ना करें.



# शैतान के साये में रहा बाक्स आफिस, 60 करोड़ के पार हुई फिल्म



शैतान एक ऐसे पिता की कहानी है जो शैतानी ताकतों के वश में आ चुकी अपनी बेटी को बचाने की खातिर जी जान लगा देता है. शैतान में अजय देवगन एक बार फिर अपने फैमिली मैन वाले अंदाज में नजर आए हैं. वहीं आर माधवन ने अपने खौफनाक किरदार से दशहत फैलाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है. एंटरटेनमेंट के फुल पैकेज वाली इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कमाल का परफॉर्म किया है और रिलीज के तीन दिन में ही 50 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है.वहीं वीकेंड के बाद भी शैतान के साये से ऑडियंस वीकडेज में भी बच नहीं पाई है. चलिए यहां जानते हैं फिल्म ने रिलीज के चौथे दिन यानी पहले मंडे को कितने करोड़ का कलेक्शन किया है.अजय देवगन और आर माधवन स्टारर शैतान्न्य रिलीज के पहले दिन से ही बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा रही है. इस हॉरर थ्रिलर को ऑडियंस का शानदार रिस्पॉन्स मिल रहा है. इस फिल्म की ओपनिंग काफी दमदार रही थी और वीकेंड पर तो इस फिल्म ने तूफानी कलेक्शन किया.फिल्म की कमाई की बात करें तो जियो स्टूडियो के आंकड़ों के मुताबिक शैतान ने रिलीज के पहले दिन 15.21 करोड़ कमाए थे. इसके बाद शनिवार को फिल्म की कमाई में 27.12 फीसदी का उछाल आया और इसने 19.18 करोड़ का कलेक्शन किया. वहीं संडे को फिल्म ने फिर 9.33 फीसदी की तेजी दिखाई और 20.74 करोड़ रुपये बटोर लिए. इसी के साथ शैतान ने रिलीज के तीन दिनों में ही 54 करोड़ की कमाई कर ली थी. वहीं अब शैतान की रिलीज के चौथे दिन यानी मंडे टेस्ट का रिजल्ट भी आ गया है.जियो स्टूडियो द्वारा शेयर किए गए आंकड़ों के मुताबिक श्शैतान्न्य ने रिलीज के चौथे दिन 7.81 करोड़ की कमाई की है. इसके बाद शैतान का 4 दिनों का कुल कलेक्शन अब 62.94 करोड़ रुपये हो गया है.शैतान तूफानी रफ्तार से घरेलू बाजार में ही कलेक्शन नहीं कर रही है इस फिल्म का वर्ल्डवाइड भी खूब डंका बज रहा है. शैतान ने दुनियाभर की ऑडियंस को भी अपने वश में ले लिया है औ इसी के साथ ये फिल्म वर्ल्डवाइड भी शानदार कलेक्शन कर रही है. फिल्म की कमाई की बात करें तो जियो स्टूडियो ने अपने इंस्टा अकाउंट पर फिल्म की के तीन दिनों के वर्ल्डवाइड आंकड़े शेयर किए हैं. इसके मुताबिक श्शैतान्न्य ने दुनियाभर में 80. 31 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है और ये अब 100 करोड़ का आंकड़ा छूने की ओर तेजी से बढ़ रही है.50 से 60 करोड़ के बजट में बनी शैतान गुजराती फिल्म वश की रीमेक है. इस फिल्म का डायरेक्शन विकास बहल ने किया है. विकास इससे पहले चिल्लर पार्टी, क्वीन और सुपर 30 जैरी फिल्मों का डायरेक्शन कर चुके हैं. श्शैतान्न्य विकास की पहली सुपरनैचुरल मूवी है. फिल्म की स्टार कास्ट की बात करें तो इसमें अजय देवगन, आर माधवन, ज्योतिका, जानकी बोडीवाला और अंगद राज ने अहम रोल प्ले किया है. ये फिल्म सिनेमाघरों में 8 मार्च को रिलीज हुई थी.

# आर्टिकल 370 की घटी कमाई, लाखों में सिमटा कलेक्शन

यामी गौतम की आर्टिकल 370य को दर्शकों ने भरपूर प्यार दिया है. इस पॉलिटिकल ड्रामा की तारीफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी की थी इसके बाद से को फिल्म को लेकर दर्शकों में और ज्यादा एक्साइटमेंट बढ़ गई थी. वहीं जब श्आर्टिकल 370य सिनेमाघरों में पहुंची तो इसने ऑडियंस का दिल जीत लिया और इसी के साथ इस फिल्म ने खूब कारोबार भी किया. यहां तक कि हालिया रिलीज अजय देवगन की श्शैतान्न्य के तूफान के आगे भी श्आर्टिकल 370य बेखौफ होकर करोड़ों में कलेक्शन कर रही है. चलिए यहां जानते हैं फिल्म ने रिलीज के 18वें दिन यानी तीसरे सोमवार को कितना कारोबार किया हैश्आर्टिकल 370य को सिनेमाघरों में रिलीज हुए अब तीसरा हफ्ता चल रहा है. कश्मीर में अनुच्छे 370 हटाने की घटना पर बेस्ड इस फिल्म ने रिलीज के पहले दिन से बॉक्स ऑफिस पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली और इसी के साथ ये खूब कमाई भी कर रही है. बेहद कम बजट में बनी इस फिल्म ने अपनी लागत से कईं गुना ज्यादा कमाई कर ली है और रिलीज के तीसरे हफ्ते में भी इसका तूफानी कलेक्शन जारी है.

फिल्म की कमाई की बात करें तो श्आर्टिकल 370य ने 5. 9 करोड़ से ओपनिंग की थी और इसके पहले हफ्ते का कलेक्शन 35.6 करोड़ रुपये रहा. वहीं दूसरे हफ्ते में श्आर्टिकल 370य ने 22.3 करोड़ की कमाई की. अब ये फिल्म रिलीज के तीसरे हफ्ते है. जहां इसने रिलीज के 15वें दिन यानी थर्ड फ्राइडे को 1.65 करोड़ का कलेक्शन किया तो वहीं तीसरे शनिवार फिल्म ने 66.67 फीसदी के उछाल के सात. 2.75 करोड़ की कमाई की. वहीं थर्ड संडे फिल्म ने 23. 64 फीसदी की तेजी दिखाते हुए 3.4 करोड़ रुपए कमाए. वहीं अब इस फिल्म की रिलीज के तीसरे सोमवार की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं.

सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक श्आर्टिकल 370य ने रिलीज के 18वें दिन यानी तीसरे सोमवार को 0. 85करोड़ की कमाई की. इसके बाद श्आर्टिकल 370य का 18 दिनों का कुल कलेक्शन अब 66.55 करोड़ रुपये हो गया है.

श्आर्टिकल 370य दुनियाभर में खूब धूम मचा रही है. फिल्म को वर्ल्डवाइड ऑडियंस से भी काफी शानदार रिस्पॉन्स मिला है और इसी के साथ ये तूफानी रफ्तार से कलेक्शन कर रही है. फिल्म की वर्ल्डवाइड कमाई की बात करें तो इसने रिलीज के 17 दिनों में 95.23 करोड़ की कमाई कर ली है. वहीं अब ये फिल्म 100 करोड़ का आंकड़ा छूने से बस चंद कदम दूर रह गई है. उम्मीद है कि फिल्म ये माइल स्टोन भी जल्द ही पार कर लेगी. श्आर्टिकल 370य का निर्देशन आदित्य सुहास जंभाले ने किया है और इस फिल्म को आदित्य धर ने प्रोड्यूस किया है. फिल्म में यामी गौतम, अरुण गोविल और प्रियामणि शंकर ने अहम रोल प्ले किया है. ये फिल्म 23 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी.

# आयुष शर्मा की रुस्लान टीजर हुआ रिलीज, एक्शन से फिर धमाल मचाने के लिए तैयार

आयुष शर्मा की फिल्म रुसलान का टीजर सामने आ गया है. सलमान खान के जीजा आयुष शर्मा एक बार फिर फुल ऑफ एक्शन मोड के साथ पर्दे पर एंट्री लेने के लिए तैयार हैं. करण ललित बुटानी के डायरेक्शन और राधामोहन के प्रोडक्शन में बनी यह फिल्म एक एक्शन–थ्रिलर है जो इसी साल 26 अप्रैल को थिएटर में दस्तक देने के लिए तैयार है.

रुसलान के टीजर में आयुष शर्मा गिटार के साथ एंट्री करते दिखाई दिए है. टीजर देखकर अंदाजा लगाया जा रहा है कि फिल्म एक शख्स को खुद को अपने टैलेंट के दम पर साबित करने की कहानी दिखाने वाली है. आयुष शर्मा का कैरेक्टर अपनी बंदूक और गिटार के साथ, किसी जंग की एक सिम्फनी बनाने वाला है. रोहित शेट्टी ने इंस्टाग्राम पर रुसलान का टीजर वीडियो शेयर किया है और आयुष शर्मा को उनकी फिल्म के लिए विश किया है. उन्होंने लिखा, ऑल द बेस्ट आयुष. पहले आयुष शर्मा ने फिल्म का पोस्टर शेयर कर टीजर रिलीज की अनाउंसमेंट की थी. उन्होंने लिखा था– पोस्टर शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, हारने का खौफ नहीं है, मेरी गन और गिटार के साथ, बस दुनिया जीतने का जोश है. तूफान की तरह नहीं... तूफान ही हूं मैं. रुस्लान का टीजर 12 मार्च, 2024 को आ रहा है. रुसलान में आयुष शर्मा के साथ जगपति बाबू, सुश्री मिश्रा और विद्या मालवडे अहम किरदार अदा करते दिखाई देंगे. वहीं जहीर इकबाल का भी खास रोल होगा. बता दें कि रुसलान 26 अप्रैल, 2024 को पर्दे पर रिलीज होने वाली है. फिल्म अजय देवगन की औरों में कहां दम था के साथ थिएटर्स में टकराएगी. औरों में कहां दम था में अजय देवगन के साथ तब्बू, जिम्मी शेरगिस, साई मंजेरकर, और शांतनु महेश्वरी अहम किरदार अदा करते दिखाई देंगे.



## बाक्स आफिस पर लापता लेडीज की संघर्ष जारी

फिल्म लापता लेडीज के जरिए किरण राव ने लंबे समय बाद निर्देशक के रूप में वापसी की है।फिल्म को समीक्षकों के साथ दर्शकों की अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। इसकी कहानी और तमाम कलाकारों की अदाकारी की भी खूब तारीफ हो रही है।बावजूद



इसके बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सकी। फिल्म धीमी रफ्तार से आगे बढ़ रही है।अब लापता लेडीज की कमाई के 11वें दिन के आंकड़े सामने आ गए हैं।

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, लापता लेडीज ने रिलीज के 11वें दिन 21 लाख रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 8.96 करोड़ रुपये हो गया है।टिकट खिड़की पर लापता लेडीज का मुकाबला अजय देवगन की शैतान और यामी गौतम की आर्टिकल 370 से हो रहा है।इनके अलावा शाहिद कपूर और कृति सैनन की फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया भी पिछले चार सप्ताह से बॉक्स ऑफिस पर राज कर रही है। लापता लेडीज की कहानी घूंघट की आड़ में 2 नई नवेली दुल्हनों की अदला–बदली पर आधारित है। आमिर खान इसके निर्माता हैं।फिल्म में स्पर्श श्रीवास्तव, नितांशी गोयल, रवि किशन और प्रतिभा रांटा जैसे सितारे मुख्य भूमिकाओं में नजर आ रहे हैं।लापता लेडीज सिनेमाघरों में कमाई करने के बाद ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा पर दस्तक देने वाली है।फिलहाल इसकी रिलीज तारीख सामने नहीं आई है। हालांकि, इस खबर की आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है।

# अभिनेता थ्रिगुन की तेलुगु–कन्नड़ द्विभाषी लाइनमैन का ट्रेलर रिलीज, 15 मार्च को दुनिया भर में रिलीज होगी

तमिल और तेलुगु सिनेमा में अपने बहुमुखी अभिनय के लिए प्रसिद्ध अभिनेता थ्रिगुन अपनी आगामी फिल्म लाइनमैन के साथ कन्नड़ फिल्म उद्योग में एक भव्य प्रवेश करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। वी रघु शास्त्री के कुशल निर्देशन में, यह द्विभाषी उद्यम न केवल कन्नड़ दर्शकों के लिए है, बल्कि साथ ही तेलुगु फिल्म उद्योग में भी अपनी पहचान बनाएगा। लाइनमैन की कथात्मक पृष्ठभूमि दिलचस्प ढंग से मांड्या के देहाती इलाकों पर आधारित है, जो इस क्षेत्र के लोकाचार में गहराई से निहित एक कहानी का वादा करती है।हाल ही में रिलीज हुए फिल्म के फर्स्ट लुक और मोशन पोस्टर ने सभी को प्रभावित किया. आज निर्माताओं ने फिल्म के नाटकीय ट्रेलर का अनावरण किया। ट्रेलर की शुरुआत जूनियर लाइनमैन नटराज के परिचय से होती हैय गाँव वाले उसे नट्टू कहते हैं। थ्रिगुन को पावर स्टार के संदर्भ में पेश किया गया है।यह गांव के विचित्र चरित्रों का परिचय देता है। थ्रिगुन के लिए उनके प्रफुल्लित करने वाले प्रश्न बहुत हंसी लाते हैं। गर्भवती महिलाओं की एक हजार से अधिक डिलीवरी कराने वाली देवुदम्मा का 100वां जन्मदिन मनाने के लिए पूरा गांव एक साथ आता है। गांव ने बुनियादी बातों पर लौटते हुए, चार लोगों की जान बचाने के लिए बिजली के बिना रहने का फैसला किया।

ट्रेलर इंसान होने की खुशी को पेश करने पर केंद्रित है और इससे होने वाली अराजकता की झलक भी दिखाता है। थ्रिगुन ने गाँव को बिजली न देने का निर्णय क्यों लिया यह जानने के लिए 15 मार्च को सिनेमाघरों में लाइनमैन देखें। ट्रेलर मनोरंजन से भरपूर है और एक भावनात्मक रोलरकोस्टर सवारी का वादा करता है। यह फिल्म तेलुगु और कन्नड़ दोनों भाषाओं में एक साथ रिलीज होने के साथ 15 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह परियोजना न केवल सैंडलवुड में थ्रिगुन के प्रवेश को चिह्नित करती है, बल्कि क्षेत्रीय सिनेमा के निर्बाध सम्मिश्रण का एक प्रमाण भी है, जो भाषाई बाधाओं से परे एक कथा पेश करती है। जैसे–जैसे रिलीज की तारीख नजदीक आ रही है, लाइनमैन से सिनेमाघरों में भीड़ खींचने की उम्मीद है, जो उन्हें मांड्या की सुरम्य लेकिन चुनौतीपूर्ण पृष्ठभूमि पर आधारित एक लाइनमैन के जीवन की झलक पेश करेगी। इस रोमांचक परियोजना में काजल कुंदर, बी जयश्री, निविक्षा नायडू, हरिनी श्रीकांत, सुजय शास्त्री, अप्पोर्वा श्री और अन्य भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। फिल्म को प्रतिष्ठित बैनर पर्पल रॉक एंटरटेनर्स द्वारा नियंत्रित किया गया है। यह फिल्म प्राचुरा पी, कादरी मणिकांत, ज्योति रघु शास्त्री और भाला स्टूडियो द्वारा सह–निर्मित है। सिनेमैटोग्राफी का कार्यभार डीओपी शांति सागर एच.जी. द्वारा किया जाता है जबकि संपादन का कार्यभार रघुनाथ द्वारा संभाला जाता है। एल. संगीत कादरी मणिकांत द्वारा रचित है। अधिक विवरण बहुत जल्द घोषित किए जाएंगे।



# मर्डर मुबारक का गाना भोला भला बेबी जारी, 15 मार्च को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी फिल्म

अभिनेत्री सारा अली खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म मर्डर मुबारक के प्रचार–प्रसार में व्यस्त हैं। इसमें उनकी जोड़ी विजय वर्मा के साथ बनी है, जिसे पहली बार देखा जाएगा।5 मार्च को फिल्म का ट्रेलर जारी किया गया था, जो सस्पेंस और थ्रिलर से भरपूर है।अब निर्माताओं ने मर्डर मुबारक का गाना भोला भला बेबी जारी कर दिया है, जिसे सचिन–जिगर और शिल्पा राव ने मिलकर गाया है।इस गाने के बोल प्रिया सरैया ने लिखे हैं। मर्डर मुबारक का प्रीमियर 15 मार्च, 2024 को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर होगा। इस फिल्म का निर्देशन होमी अदजानिया ने किया है।इस फिल्म में डिंपल कपाडिया, करिश्मा कपूर, संजय कपूर और पंकज त्रिपाठी जैसे दिग्गज सितारे भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।इनके अलावा टिस्का चोपड़ा भी फिल्म का हिस्सा हैं।फिल्म की कहानी दिल्ली में हुए एक मर्डर के इर्द–गिर्द बुनी गई



# लुटेरे एक्ट्रेस अमृता खानविलकर ने अपने जीवन में आई बाधाओं पर की बात

अपकमिंग थ्रिलर लुटेरे में नजर आने वाली एक्ट्रेस अमृता खानविलकर ने फिल्म में अपनी भूमिका पर खुलकर बात की। एक्ट्रेस ने बताया कि उन्होंने अपने किरदार के लिए वास्तविक जीवन में घटित घटनाओं का इस्तेमाल किया।यह फिल्म कीमती माल ले जाने वाले एक जहाज और उसे सोमाली समुद्री डाकुओं से होने वाले खतरे के इर्द–गिर्द घूमती है। इसमें रजत कपूर, विवेक गोम्बर, अमृता और आमिर अली शामिल हैं।सेलिब्रिटी डांस रियलिटी शो नच बलिए 7 की विजेता रही अमृता ने अपने किरदार के बारे में बात करते हुए कहा, मैंने इसके लिए अपने संघर्षों और अनुभवों का उपयोग किया है, उसे ऑन–स्क्रीन व्यक्तित्व को प्रामाणिक रूप से चित्रित करने और भूमिका के साथ न्याय करने के लिए भी उपयोग किया है।अमृता ने कहा, मैं एक बहुत ही सामान्य महाराष्ट्रियन परिवार से हूं। बड़े होने के दौरान मुझे हमेशा बताया जाता था कि मुझे कैसा व्यवहार करना है, क्योंकि मैं एक लड़की हूं। तो बड़े होने के दौरान मैंने जो बंधन महसूस किया वह सिर्फ रिश्तेदारों से नहीं बल्कि समाज से भी आता है।उन्होंने कहा, मैं एक बहुत ही पारंपरिक पृष्ठभूमि से आती हूं, इसलिए मैंने अपने जीवन में कई बाधाओं का सामना किया है। मैंने इस चीज का सामना तब भी किया जब में अपने करियर को आगे बढ़ाना चाहती थी। मैंने अपनी उसी निष्ठा को लुटेरे में भी अपनाया है। राजी में अपने काम के लिए मशहूर अमृता ने कहा कि मेरा किरदार अपनी गरिमा नहीं खो सकता।



## बबीता जी और टप्पू ने गुपचुप रचाई सगाई, तारक मेहता का उल्टा चश्मा के सेट पर 9 साल बड़ी मुनमुन दत्ता के प्यार में पड़े थे राज अनादकट

अभिनेताओं ने इस महीने की शुरुआत में गुजरात के वडोदरा में अपने परिवार के सदस्यों की उपस्थिति में सगाई कर ली। अभिनेताओं के एक करीबी सूत्र ने न्यूज पोर्टल को बताया, ष्मुनमुन और राज के परिवारों ने उनके रिश्ते को स्वीकार कर लिया है और वे समारोह में भी मौजूद थे।ष तारक मेहता का उल्टा चश्मा की अभिनेत्री मुनमुन दत्ता, जो बबीता कृष्णन अय्यर की भूमिका निभाती हैं, ने कथित तौर पर अभिनेता राज अनादकट से सगाई कर ली है, जिन्हें सिटकॉम में जेठालाल के बेटे टपू के रूप में देखा गया था। न्यूज 18 की एक रिपोर्ट के अनुसार, अभिनेताओं ने इस महीने की शुरुआत में गुजरात के वडोदरा में अपने परिवार के सदस्यों की उपस्थिति में सगाई कर ली। अभिनेताओं के एक करीबी सूत्र ने न्यूज पोर्टल को बताया, ष्मुनमुन और राज के परिवारों ने उनके रिश्ते को स्वीकार कर लिया है और वे समारोह में भी मौजूद थे। सूत्र ने यह भी बताया कि वे तब से डेटिंग कर रहे हैं जब राज 2017 में तारक मेहता का उल्टा चश्मा में शामिल हुए थे। वास्तव में, शो के सेट पर हर कोई उनके रिश्ते के बारे में जानता था।

# नेहा शर्मा ने पिंक आउटफिट में बिखेरा जलवा

बॉलीवुड अभिनेत्री नेहा शर्मा हाल ही में मुंबई में स्पॉट हुईं. इस दौरान उन्होंने पिंक कलर का आउटफिट पहना हुआ था, जिसमें वह बेहद खूबसूरत लग रही थीं. नेहा ने लाइट मेकअप के साथ बाल खुले छोड़े थे और पैप्स के कैमरों के सामने सेक्सी पोज देते दिखाई



दीं. नेहा ने पैपराजी को पोज दिए और उनसे उनके हालचाल पूछे. उन्होंने पैपराजी से पूछा कि वह सब कैसे हैं. नेहा शर्मा का यह वीडियो फैंस के बीच काफी पसंद किया जा रहा है. साथ ही वे नेहा के अपकमिंग प्रोजेक्ट का बेसब्री के साथ इंतजार कर रहे हैं.नेहा शर्मा पहले भी इंस्टाग्राम पर अपनी तस्वीरें शेयर करती रही हैं। उनकी तस्वीरें अक्सर सोसल मीडिया पर वायरल हो जाती है। नेहा शर्मा की इंस्टाग्राम पर 14 मिलियन से अधिक लोग फॉलो करते हैं. नेहा शर्मा की बात करें तो बॉलीवुड में उन्होंने श्क्रूक्य फिल्म से डेब्यू किया था। इसके बाद वो श्क्या सुपर कूल हैं हम्य, श्यमला पगला दीवाना 2य, श्यंगिस्तान्य, श्कृतिय समेत कई फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। नेहा शर्मा ने 2007 में तेलुगु फिल्मों में भी काम किया है.

# 85 वर्ष की आयु वर्ग से ऊपर के मतदाताओं को मतदान करने के लिए पोस्टल बैलेट की सुविधा उपलब्ध

ब्यूरो अंकित वर्मा

देवरिया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी एडीएम प्रशासन गौरव श्रीवास्तव ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग के नवीनतम दिशा–निर्देशानुसार प्रदेश के समस्त 85 वर्ष की आयु वर्ग से ऊपर के मतदाताओं को मतदान करने के लिए पोस्टल बैलेट की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। प्रदेश के समस्त 85 वर्ष की आयु वर्ग से ऊपर के मतदाता स्वेच्छा से पोस्टल बैलेट के माध्यम से निवास स्थान पर मतदान करने हेतु निर्धारित फार्म–12डी में आवेदन कर अपने निवास स्थान पर मताधिकार का उपयोग कर सकते हैं। फार्म–12डी अधिसूचना जारी होने के 5 दिवसों के अन्दर सम्बन्धित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के बी०एल०ओ० द्वारा घर–घर जाकर 85 वर्ष की आयु वर्ग से ऊपर के मतदाताओं को उपलब्ध कराया जाएगा तथा भरा हुआ फार्म–12डी प्राप्त किया जाएगा। उक्त फार्म–12डी भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट .मबप.हवअ.पद के होम पेज पर डम्छन के अन्तर्गत candidate nomination and other forms के लिंक पर उपलब्ध है, जहां से इसे डाउनलोड करके भरकर सम्बन्धित निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग आफिसर के कार्यालय में जमा कराया जायेगा।

# प्रयागराज में शास्त्री ब्रिज की बियरिंग टूटी

## भारी वाहनों पर रोक, तेज रफ्तार की गाड़िय्यिों के लिए बना खतरा

प्रयागराज(आरएनएस)। शास्त्री पुल पर प्रयागराज–वाराणसी लेन के पिलर संख्या 28 की बैरिंग टूटने से दो इंच की ददार आ गई। जानकारी मिलने पर लोक निर्माण विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे तो जांच में पता चला कि ओवरलोड वाहनों के चलते ब्रिज व पिलर के बीच लगी बैरिंग टूट गई। वहां लाल झंडा गाड़कर रेत की बोरियां रखवा कर आवागमन रोक दिया गया। देर रात तक केवल हल्के वाहन पास होते रहे।प्रयागराज–वाराणसी मार्ग पर शास्त्री ब्रिज होते हुए करीब 60 हजार छोटे बड़े वाहनों का आवागमन रोज होता है। इसमें भवन निर्माण सामग्री व अन्य व्यापारिक सामानों को लादकर जाने वाले हजारों भारी वाहन ओवरलोड चलते हैं। दबाव अधिक पड़ने पर अक्सर बैरिंग टूट जाती है या अपने स्थान से खिसक जाती है।मंगलवार को भी कुछ ऐसी ही घटना हुई। दोपहर बाद कुछ लोगों की नजर पड़ी तो देखा कि ब्रिज के जोड़ में दरार है। इसकी जानकारी विभिन्न सूचना माध्यमों से लोक निर्माण विभाग तक पहुंची। फौरन ही वहां कर्मचारी भेजे गए तो दरार दो इंच की पता चली। इसके ठीक बाद वहां से वाहनों का आवागमन कम कराया गया।पिलर संख्या 28 के पास जहां दरार पड़ी वहां से भारी वाहन तेज रफ्तार में गुजरने से पुल पर खतरा बढ़ सकता है। पुल काफी पुराना भी हो चुका है। रात में भारी वाहनों के शहर में प्रवेश के लिए नो इंट्री खुली तो ट्रकें धड़ाधड़ गुजरने लगीं। हालांकि पुलिस कर्मियों ने मोर्चा संभाला और वाहनों की रफ्तार धीमी रखवाते हुए उन्हें आगे पास कराया। अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग खंड–तीन नवीन शर्मा ने कहा कि शास्त्री ब्रिज के पिलर की बैरिंग टूट गई है। उस पर यातायात कम कराया गया है, भारी वाहन बगल की लेन से पास कराए जा रहे हैं। बैरिंग की मरम्मत में कम से कम एक सप्ताह लग सकते हैं।

# शोध कार्य में सामाजिक सरोकार जरूरी– प्रोफेसर सीमा सिंह

## पात्र लोगों को सुलभ कराये जा रहे हैं प्रधानमंत्री आवास- विधायक

## प्रधानमंत्री आवास मिशन पर मुक्त विश्वविद्यालय में हुई कार्यशाला

प्रयागराज(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के समाज विज्ञान विद्या शाखा के तत्वावधान में बुधवार को भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित लघु शोध परियोजना के अन्तर्गत प्राइम मिनिस्टर हाउसिंग फॉर ऑल मिशनरू ए स्टडी ऑफ परफॉर्मेंस एंड इंपैक्ट ऑन बेनिफिसियरीज इन सैलेक्टेड सिटीज इन उत्तर प्रदेश विषयक एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता करते हुए उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज की कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना में महिलाओं को आवास मिलना महिला सशक्तिकरण का सबसे बड़ा उदाहरण है। इस योजना से इन महिलाओं के अंदर आत्मविश्वास में वृद्धि हो रही है तथा उनका परिवार भी आत्मनिर्भर हो रहा है। प्रोफेसर सिंह ने कहा कि जीवन जीने के लिए आवास की जो आवश्यकता है उसको सरकार पूर्ण कर रही है। उन्होंने शोधार्थियों का आह्वान किया कि वह ऐसा शोध करें जो समाज को मदद करने वाला हो। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि फाफामऊ विधानसभा क्षेत्र के विधायक गुरु प्रसाद मौर्य ने प्रधानमंत्री आवास योजना के क्रियान्वयन तथा उपलब्धता से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि पात्र लोगों को उनके रहने के लिए आवास सुलभ हों। इसीलिए इसके वितरण में भी पूर्ण पारदर्शिता बरती जा रही है। मुख्य वक्ता प्रोफेसर रिपु सूदन सिंह, राजनीति विज्ञान विभाग, बाबासाहब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय लखनऊ ने कहा कि आवास का मुद्दा बहुत ही महत्वपूर्ण मुद्दा है। यह लोगों के जीवन में गुणात्मक परिवर्तन लाता है। 2047 तक विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा जब सभी को रहने के लिए आवास सुलभ होंगे। सरकार का ध्यान उन वर्गों पर है जो खुले में जीवन यापन कर रहे हैं। सरकार बहुत ईमानदारी से इसकी समीक्षा कर रही है। उन्होंने कहा कि भारत आज विकास की लॉन्चिंग पैड पर बैठा है। प्रोफेसर सिंह ने प्रधानमंत्री आवास योजना के सैद्धांतिक पहलुओं पर जोर दिया।

प्रारम्भ में निकेत सिंह ने सरस्वती वंदना की संगीतमय प्रस्तुति की। समाज विज्ञान विद्याशाखा के निदेशक प्रोफेसर एस कुमार ने मंचासीन विशिष्टजनों का वाचिक स्वागत तथा परियोजना निदेशक डॉ आनंदानंद त्रिपाठी ने परियोजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ देवेश रंजन त्रिपाठी ने तथा धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव कर्नल विनय कुमार ने किया। तकनीकी सत्र के मुख्य वक्ता प्रोफेसर सूर्यभान सिंह, राजनीति विज्ञान विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय तथा समापन सत्र के मुख्य वक्ता प्रोफेसर मधुरेंद्र कुमार, निदेशक दीनदयाल शोध पीठ, इलाहाबाद विश्वविद्यालय रहे । कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफेसर एस कुमार, निदेशक, समाज विज्ञान विद्या शाखा ने किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ सुनील कुमार ने तथा धन्यवाद डॉ आनंदानंद त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के समस्त विद्याशाखाओं के निदेशकगण, आचार्यगण, सह आचार्यगण, सहायक आचार्य एवं समस्त शोधार्थी उपस्थित रहे।

# नेत्र रोग विशेषज्ञ ने बताई हड्डी की विसंगति, पुनः जांच का आदेश

प्रयागराज(आरएनएस)। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सशस्त्र सीमा बल के भर्ती बोर्ड को आरक्षी भर्ती में हड्डी रोग की विसंगतियों के आधार पर मेडिकल परीक्षा में अयोग्य घोषित अभ्यर्थी की हड्डी रोग के एक प्रोफेसर समेत दो सदस्यीय विशेषज्ञ समिति से पुनः जांच करवाने का आदेश दिया है। कोर्ट ने जांच समिति को अपनी जांच रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में 10 अप्रैल तक अदालत में पेश करने को कहा है।

यह आदेश न्यायमूर्ति अश्वनी कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति सैयद कमर हसन रिजवी की खंडपीठ ने मऊ जिले के अभ्यर्थी उपेंद्र कुमार की ओर से दाखिल स्पेशल अपील पर अधिवक्ता सुनील यादव को सुन कर दिया।

याची ने कांस्टेबल (नाऊ) के पद लिए लिए अनुसूचित जन जाति के अभ्यर्थी के रूप में आवेदन किया था। चयन प्रक्रिया के सभी चरणों में सफल रहे याची को नेत्र रोग विशेषज्ञ समेत तीन डॉक्टरों की जांच समिति ने हड्डी रोग से जुड़ी विसंगति के आधार पर चयन प्रक्रिया से बाहर कर दिया था। जबकि याची ने उन्ही विसंगतियों की जांच वाराणसी के बीएचयू सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के हड्डी रोग विभाग में करवाई तो उसमे वह फिट पाया गया। बीएचयू द्वारा जारी मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर याची ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी, जिसे एकल पीठ ने खारिज कर दिया था।

याची ने एकल पीठ के आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट की खंडपीठ का दरवाजा खटखटाया था। याची के अधिवक्ता सुनील यादव ने दलील दी कि याची को नेत्र रोग विशेषज्ञ की राय पर हड्डी की विसंगतियों के आधार पर मेडिकल अनफिट किया गया है, जो विश्वसनीय नही हो सकती है। नेत्र रोग विशेषज्ञ की मेडिकल रिपोर्ट पर हड्डी रोग के विशेषज्ञ की राय नही ली गई, जबकि इस भर्ती में अपनाई जाने वाली चयन प्रक्रिया के नियमो में सुपर स्पेशलिटी डॉक्टर की राय लिए जाने का प्राविधान है।

कोर्ट ने सशस्त्र सीमा बल के भर्ती कमांडेंट को याची की हड्डियों की पुनः जांच हड्डी रोग के प्रोफेसर रैंक के डॉक्टरों की दो सदस्यीय समिति से करवाते हुए जांच रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में अगली सुनवाई तक पेश करने का आदेश दिया है। इसके लिए याची को एक पांच हजार रूपए भर्ती बोर्ड को अदा करने होंगे। कोर्ट ने याची को एक हफ्ते में पांच हजार रुपए के साथ भर्ती कमांडेंट के समक्ष पेश होने का निर्देश भी दिया है। मामले की अगली सुनवाई 10 अप्रैल को होगी।

# मोबाइल नंबर और पहचान पत्र से हो जाएगा नियमित टीकाकरण

## यूविन एप के जरिये टीकाकरण का हुआ शुभारम्भ

### एक बार टीका लग जाने पर मैसेज भेज कर अगले टीके की तिथि याद दिलाएगा एप

ब्यूरो अंकित वर्मा

देवरिया। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से कोविन की तर्ज पर शुरू किए गए यू–विन पोर्टल की शुरूआत जिले में बुधवार को हो गई। इस पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराने के बाद आप महिलाओं व बच्चों के टीकाकरण को लेकर निश्चित हो सकते हैं। टीकाकरण सत्र पर गर्भवती और बच्चे का नियमित टीकाकरण भारत सरकार के यूविन एप के जरिये सिर्फ मोबाइल नंबर और पहचान पत्र (आईडी) की मदद से हो जाएगा । इस एप की एक विशेषता यह भी है कि एक बार पंजीकरण के बाद टीका लग गया तो अगले टीके के लिए लाभार्थी के मोबाइल पर कई बार संदेश जाएगा । मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश झा ने बताया कि जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ संजय गुप्ता , यूएनडीपी संस्था के प्रतिनिधि अभिषेक और सहायक शोध अधिकारी राकेश चंद की टीम इस एप पर जिले के सभी टीकाकरण सत्र के सफल संचालन में जुटी हुई है । 415 सत्रों को एप के जरिये संचालित किया गया। जिले में इससे पहले 410 सत्र स्थलों पर बुधवार और शनिवार को नियमित टीकाकरण होता रहा है।सीएमओ ने बताया कि नयी व्यवस्था के तहत लाभार्थी को सिर्फ एक मोबाइल और कोई एक पहचान पत्र देकर पंजीकरण करवाना है । कोविड टीकाकरण के समय जितने पहचान पत्र मान्य थे, वह सभी यूविन एप पर भी मान्य होंगे । जिले के सभी ब्लॉक के चिकित्सा अधिकारियों, ब्लॉक कार्यक्रम प्रबन्धक और डेटा एंट्री ऑपरेटर्स को इस संबंध में प्रशिक्षित किया जा चुका है और एएनएन को सत्र स्थलों पर ही प्रशिक्षण देकर सत्र का संचालन किया जा रहा है । इस वर्ष जिले में एक लाख से अधिक बच्चे सम्पूर्ण प्रतिरक्षित हो चुके हैं । नयी व्यवस्था से लाभार्थी परिवार बच्चे के टीकाकरण संबंधी प्रमाण पत्र को खुद डाउनलोड कर प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना जैसी योजनाओं का लाभ उठा सकेगा । देश के किसी भी कोने में लग जाएगा टीका जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ संजय गुप्ता ने बताया एप पर पंजीकरण करवाने वाले लाभार्थी अगर किसी अन्य प्रदेश में चले जाते हैं तो वहां भी आईडी और मोबाइल नंबर के जरिये उनके टीकाकरण का विवरण पता चल जाएगा और शेष टीके वह दूसरे प्रदेशों में भी लगवा सकते हैं । उन्होंने बताया कि गर्भवती को दो बार टीडी का टीका लगाया जाता है, जबकि बच्चों के लिए जन्म से पांच वर्ष के भीतर सात बार टीकाकरण आवश्यक है । इससे तेरह प्रकार की गंभीर बीमारियों से बचाव होता है । गर्भवती को दिया गया प्रमाण पत्र नाथ नगर टीकाकरण सत्र पर 23 वर्षीय गर्भवती पूजा को टीडी का पहला टीका लगाया गया । एएनएम अर्चना त्रिपाठी द्वारा टीका लगाने के बाद यूविन एप से उन्हें प्रमाण पत्र भी जारी किया गया । पूजा ने बताया कि चार हफ्ते बाद दूसरा टीका लगवाने के लिए कहा गया है । उन्हें बताया गया है कि दूसरे टीके के लिए भी उनके पास संदेश जाएगा । कोविन पर पंजीकरण है तो होगी आसानी जिन लोगों ने कोविन पोर्टल पर पंजीकरण कर कोविड टीकाकरण करवाया था उन्हें सिर्फ मोबाइल नंबर या आईडी दिखाना पड़ेगा और उनका पूरा विवरण यूविन एप पर आ जाएगा । इस विवरण में गर्भावस्था या फिर बच्चे के जन्म आदि को अपडेट कराना होगा और फिर नियमित टीकाकरण की सुविधा इस एप के जरिये प्राप्त कर सकेंगे । टीके के लिए स्लॉट बुकिंग की सुविधा भी इसके जरिये प्राप्त हो सकेगी ।

# गांधी दर्शन में स्त्री सशक्तिकरण के अनेक सूत्र मौजूद– अरविंद मोहन

## युवा सृजन संवाद के डिजिटल मंच का आयोजन

प्रयागराज(आरएनएस)। युवा सृजन संवाद के डिजिटल मंच पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसका विषय ष्बापू की महिला ब्रिगेडष् था। वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक अरविंद मोहन ने महात्मा गांधी के जीवन में स्त्री और उनके स्त्री विषयक विचारों पर विस्तार से बात की। इस कार्यक्रम का संचालन डॉ. अशोक कुमार चौहान ने किया। आमंत्रित अतिथि का परिचय देते हुए डॉ. अशोक ने कहा कि अरविंद मोहन का लेखन विभिन्न पत्र–पत्रिकाओं में लगभग चार दशकों से निरंतर जारी है। अरविंद मोहन ने युवा सृजन संवाद डिजिटल मंच के संयोजक प्रो. संतोष भदौरिया को इस तरह के प्रासंगिक और समसामयिक आयोजन के लिए धन्यवाद दिया। अपने वक्तव्य के शुरुआत में ही उन्होंने कहा कि आजादी के 75 साल के मौके पर अगर हम महिला आंदोलनकारियों पर केंद्रित कोई ऐसी किताब लेकर आते हैं, जो उनके संघर्षों को प्रकाशित करे तो यह सच्चे अर्थों में आधी आबादी का सम्मान होगा। उन्होंने कहा जब गांधी भारत आए थे तो स्वाधीनता आंदोलन में महिलाओं की भागीदारी लगभग शून्य थी लेकिन महात्मा गांधी के प्रयासों के फलस्वरुप अगले 15–20 सालों में यह संख्या हजारों–लाखों तक पहुंच चुकी थी। यह निश्चित रूप से महात्मा गांधी के विराट व्यक्तित्व और रचनात्मकता का सुफल था। बापू के स्त्री विषयक दृष्टि को रेखांकित करते हुए अरविंद जी ने बताया कि गांधी जी जब बिहार में जाकर श्तीन कठियाश प्रथा का विरोध कर रहे थे तो वहां देखा कि महिलाएं उन्हें पर्दे में छुप कर देखती थीं। इस पर गांधी ने कहा था कि देश की आधी आबादी जब तक पर्दे के पीछे रहेगी तब तक इस देश का उत्थान नहीं हो सकता। अपने वक्तव्य के पश्चात अरविंद मोहन ने श्रोताओं के प्रश्नों और जिासाओं पर भी बात की। इस कार्यक्रम के दौरान अनेक सुधीजन, साहित्य प्रेमी, शोधार्थी, छात्र एवं छात्राएं फेसबुक के इस डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उपस्थित रहे।

# आबकारी विभाग के छापों में भारी मात्रा में अवैध शराब व लहन बरामद

प्रयागराज(आरएनएस)। अवैध शराब की रोकथाम, उनके अनियमित निर्माण व बिक्री के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश के निर्देशन एवम उप आबकारी आयुक्त, प्रयागराज प्रभार और जिला आबकारी अधिकारी प्रयागराज, प्रयागराज के पर्यवेक्षण में आज क्षेत्र 8, कोरांव थाना मांडा के अंतर्गत संदिग्ध ग्राम पियरी, कुदर, मेह्म जागीर में आकस्मिक दबिश दी गयी। दबिश के दौरान 30 लीटर कच्ची अबैध शराब व 250 किलो लहन बरामद हुआ जिसे मौके पर ही नष्ट किया गया आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में 02 अभियोग दर्ज किया गया।

उक्त कार्यवाही में क्षेत्रीय आबकारी निरीक्षक मेजा प्रवीण कुमार यादव, आबकारी निरीक्षक कोरांव आयुष राय, एवं जनपदीय स्टाफ उपस्थित रहेद्य इसके साथ ही स्थानीय लोगो को जहरीली शराब एवं अवैध शराब के दुष्प्रभावो के प्रति जागरूक भी किया गया।

इसी प्रकार प्रयागराज के गाँव कैथी थाना करछना में आज आकस्मिक दबिश दी गयी। दबिश के दौरान एक घर 35 लीटर अबैध शराब व एक मोटरसाईकिल बरामद हुआ 04 अभियुक्त के खिलाफ थाना करछना में एफआईआर दर्ज किया गया

उक्त कार्यवाही में आबकारी निरीक्षक आशुतोष उपाध्यय करछना व आबकारी निरीक्षक प्रशांत

कुमार, ओंकार नाथ आबकारी निरीक्षक प्रवर्तन–1 मय स्टाफ आ. दि. मोहन मिंटू,राजेश शाह मिथलेश, नारायण दत्त तिवारी व आ. सि. अंकित सोनकर सामलित रहे।

# औद्योगिक प्रदर्शनी का हुआ शुभारंभ

## दो दिवसीय राष्ट्रीय विक्रेता विकास कार्यक्रम शुरू

प्रयागराज। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम –विकास कार्यालय, प्रयागराज, भारत सरकार, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा आज दो दिवसीय राष्ट्रीय वेण्डर विकास कार्यक्रम सह–औद्योगिक प्रदर्शनी का उद्घाटन परिसर, शिरडी साईं इलेक्ट्रिकल्र्स लि., नैनी औद्योगिक क्षेत्र, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मिर्जापुर रोड, में किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मंचासीन अधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। सर्वप्रथम एल.बी.एस.यादव, संयुक्त निदेशक, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम –विकास कार्यालय, प्रयागराज ने मंचासीन मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों, वेण्डर प्रतिभागियों तथा उपस्थित जनों का स्वागत किया तथा सरकार की वेण्डर विकास नीति पर प्रकाश डाला ।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य सूक्ष्म, लघु उद्यमों (एमएसई) के विकास को बढ़ावा देना और औद्योगिक विकास की गति में सहयोग देना है, जिसके लिए वेण्डर विकास कार्यक्रम सह–औद्योगिक प्रदर्शनी के माध्यम से सरकारी प्रतिष्ठानध्प्रमुख उद्योग के प्रतिनिधियों और इच्छुक उद्यमियों को एक छत के नीचे इकट्ठा किया गया।इसके पश्चात एमएसएमई मंत्रालय द्वारा संचालित अन्य योजनाओं से उद्यमियों को अवगत कराया गया तथा साथ ही प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के सफल प्रयासों की जानकारी दी गई।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीधर गोखले , सीईओ, शिरडी सांई इलेक्ट्रिकल, प्रयागराज ने बताया कि एमएसएमई का जीडीपी में लगभग 30 प्रतिशत की सहभागिता है ।

# फौजी की पत्नी का शव घर में फंदे से लटकता मिला, खुदकुशी की आशंका

प्रयागराज(आरएनएस)। शिवकुटी स्थित छावनी क्षेत्र में सेना के जवान की पत्नी का शव घर में फंदे से लटकता मिला। घटना से परिवार में कोहराम मच गया है। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गई। प्रारंभिक जांच में पुलिस ने आत्महत्या की आशंका जाहिर की है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मूलरूप से कानपुर के रहने वाले देवेंद्र सिंह की वर्तमान में तैनाती फर्रुखाबाद के फतेहगढ़ में है। उनका परिवार शिवकुटी इलाके के सेना की छावनी में रहता है। बुधवार को उनकी पत्नी श्रीजी अवस्थी (34) का शव फंदे से लटकता मिलने पर परिजन बदहवास हो गए। घटना के बाद कैंट के अधिकारी मौके पर पहुंच गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाया। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में घरेलू कलह की बात सामने आई है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

# सुरेश श्रीवास्तव बने सपा महानगर उपाध्यक्ष

प्रयागराज(आरएनएस)। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल के निर्देश पर समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष सैयद इफ्तेखार हुसैन ने लूकर गंज निवासी सुरेश श्रीवास्तव को महानगर इकाई में उपाध्यक्ष मनोनीत किया है।

सुरेश श्रीवास्तव को उपाध्यक्ष बनाये जाने पर महासचिव रविन्द्र यादव एडवोकेट, अजय श्रीवास्तव,अधिवक्ता सभा के प्रदेश सचिव सचिन श्रीवास्तव, आरती पाल,अरुण श्रीवास्तव, मनीष श्रीवास्तव, मनोज श्रीवास्तव,कल्पना श्रीवास्तव, नरेन्द्र श्रीवास्तव, राजेंद्र सिन्हा, अश्विनी श्रीवास्तव अनीता श्रीवास्तव, मंजू यादव, मयंक श्रीवास्तव, आदि ने बधाई दी है।

# सूदखोरों के आतंक से आत्महत्या करने वाले युवक की मां को सपा ने दी आर्थिक मदद

प्रयागराज(आरएनएस)। सूदखोरों के आतंक से पीड़ित होकर प्रयागराज के घूरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत इरादत गंज निवासी युवक विद्याकांत यादव (24) वर्ष द्वारा गत 3मार्च को आत्महत्या कर लेने के मामले में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शोक जताते हुए परिजनों को दो लाख रूपये की आर्थिक सहायता की है। आज मृतक की माता श्रीमती गुड्डी यादव के नाम का दो लाख रूपये चेक सपा जिलाध्यक्ष पप्पूलाल निषाद ने सौंपा।

ज्ञात हो कि गत सात मार्च को सपा मुखिया अखिलेश यादव के प्रयागराज आने पर पीड़ित परिवार ने उनसे मुलाकात कर अपनी पीड़ा जताई थी। अखिलेश यादव ने उन्हें आर्थिक मदद एवं न्याय दिलाने का आश्वासन दिया था।

जिलाध्यक्ष यमुनापार पप्पूलाल निषाद को आप बीती बताते हुए मृतक के पिता अवध बिहारी एवं विधवा कल्पना देवी आदि परिजन ने कहा कि आज भी दहशत में जी रहे हैं। जिन लोंगो पर विद्याकांत को उत्पीड़ित करने का मुकदमा दर्ज कराया गया था उनमें से मात्र एक अभियुक्त ही गिरफ्तार हो पाया है। इससे परिजन पुलिस पर सवाल खड़ा कर रहे हैं। चेक सौंपने गए सपा नेताओं में पप्पूलाल निषाद, जय शंकर भारतीय, राजू पासी, अजीत यादव, प्रदीप निषाद, मो गौस, रमाकांत, इन्द्रेश, बृजेश यादव, सोनू केसरवानी, घनश्याम यादव आदि रहे।

# रामबाबू क्लब की जीत में अनुराग, प्रमोद और सुव्रत चमके

प्रयागराज(आरएनएस)। अनुराग यादव (66 रन, 47 गेंद, नौ चौके, एक छक्का), कप्तान प्रमोद यादव (55 रन, 36 गेंद, सात चौके, एक छक्का) एवं सुव्रत तिवारी (48 नाबाद, 16 गेंद, सात चौके, तीन छक्के) की उपयोगी पारियों की बदौलत रामबाबू पाल क्लब ने रिजवी क्लब को 35 रन से हराकर रामबाबू पाल एवं मनोज यादव स्मृति टी–20 'प्रयागराज कप' क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किये।

डीएवी कालेज मैदान पर बुधवार को खेले गए मैच में रामबाबू पाल क्लब ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 199 रन (अनुराग यादव 66, प्रमोद यादव 55, सुव्रत प्रसाद तिवारी 48 नाबाद, रवि भारतीय 3ध्27, शशि प्रकाश 1ध्27) बनाकर रिजवी क्लब को 20 ओवर में 8 विकेट पर 164 रन (मोहम्मद तालिब 54, विवेक कुमार 42, रुद्रेश्वर नारायण पाल 2ध्17। सुव्रत तिवारी, आदित्य पाल व शिवम कुमार प्रजापति एक–एक विकेट) पर सीमित किया। अनुराग यादव को पूर्व रणजी क्रिकेटर एवं आयोजन सचिव प्रदीप सिंह ने जस्टिस ग्रुप आफ इलाहाबाद की ओर से मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया। मैच में अजय कुमार व अरुण कुमार ने अंपायरिंग एवं खुर्शीद अहमद ने स्कोरिंग की। प्रतियोगिता में गुरुवार को जमुना क्लब का मुकाबला फाफामऊ क्लब से सुबह 9:00 बजे से होगा।

# मयंक ने चौधरी नौनिहाल क्लब 'ए' को जिताया

प्रयागराज(आरएनएस)। मयंक दुबे के हरफनमौला खेल (52 रन एवं तीन विकेट) की बदौलत चौधरी नौनिहाल सिंह क्रिकेट क्लब 'ए' ने विराट स्पोर्ट्स क्लब को 68 रन से हराकर डॉ. रवि वर्मा अंडर–19 क्रिकेट लीग में पूरे अंक प्राप्त किये।

केपी कॉलेज मैदान पर बुधवार को खेले गए मैच में चौधरी नौनिहाल सिंह क्लब 'ए' ने 34 ओवर में 216 रन (आशीष रत्नम 68, विश्वास सक्सेना 55, मयंक दुबे 52, अर्जुन 19, सौरभ प्रताप सिंह 4ध्42, लकी मोर्य 3ध्43) बनाकर विराट स्पोर्ट्स क्लब को 36.1 ओवर में 148 रन (सौरभ प्रताप सिंह व अमर सोनकर 30–30, सिद्धांत सिंह 24, अर्जुन 3ध्08, मयंक दुबे 3ध्41, मोहम्मद साहिल 2ध्16) पर समेट दिया। मैच में अनूप शर्मा व शिशिर मेहरोत्रा अंपायर एवं प्रीतेश सोनकर स्कोरर रहे।

# मेरठ के एडीएम वित्त के घर दिनदहाड़े लाखों की चोरी

सात लाख नकदी समेत आभूषण और कपड़े उठा ले गए चोर

प्रयागराज। कौंधियारा थाना क्षेत्र के पंडित का पुरवा गांव में सोमवार दोपहर चोरों ने मेरठ में तैनात एडीएम वित्त के सूने घर में घुसकर बदमाशों ने लाखों का सामान पार कर दिया। सात लाख नकदी समेत आभूषण और कपड़े उठा ले गए। परिजनों ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस चोरों की तलाश कर रही है।प्राप्त जानकारी के अनुसार पंडित का पुरवा गांव जारी पुलिस चौकी से ढाई किलोमीटर दूर है। यहां के रहने वाले सूर्यकांत त्रिपाठी मेरठ में एडीएम वित्त के पद पर तैनात हैं। उनका परिवार यहीं रहता है। उनके परिजनों के अनुसार सोमवार दोपहर सभी घरवाले घर में ताला लगाकर गांव के बाहर बन रहे नए मकान में खाना खाने चले गए।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया
स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
सम्पादक–शील कुमार शुक्ला
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।